नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 160 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 14 अप्रैल 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

भीम आर्मी मनाएगी आज दो महापुरुषों की जयंती




पेज -8 पर

108 कुंडीय पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

मोदी की सरकार में सौ में पूरे सौ रूपये जमीन पर पहुंचते हैं

## कांग्रेस जंग लगा लोहा, इस चुनाव के बाद डायनासोर की तरह हो जाएगी विलुप्त-राजनाथ सिंह

### मोदी के डिजिटल इंडिया में बस्तर के आदिवासी भी मोबाइल और नेट बैंकिंग कर रहे हैं

दंतेवाड़ा। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज भाजपा की चुनावी रैली में शामिल होने दंतेवाड़ा पहुंचे। चुनाव को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं में विशेष उत्साह है। लोकसभा चुनाव को लेकर दंतेवाड़ा के गीदम में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाल जनसमूह को संबोधित किया।



### 'भाजपा सरकार में हुआ आदिवासियों का कल्याण'

राजनाथ सिंह ने कहा कि आजाद भारत में गरीबों, पिछड़ों की यदि किसी ने चिंता की है तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने की। हमारे ही नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के हृदय में आदिवासियों के लिए कितना सम्मान था, इसका अनुमान आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उन्होंने आदिवासियों से जुड़े विषयों के लिए अलग मंत्रालय बना दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए अधिक से अधिक वनोपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की घोषणा की। अब लगभग सौ वनोपज एमएसपी के दायरे में हैं। आज आदिवासी भाई भी मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। आज मोबाइल के माध्यम से दुनिया में जितना लेन-देन हो रहा है, उसमें 46 प्रतिशत भारत में हो रहा है। पिछले 75 साल में कांग्रेस सरकार सिर्फ वादे करती रही, ये लोग लोगों की आंखों में धूल झोकते हैं। लेकिन 2014 में जब हमने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया तो कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनाएंगे।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय के बाद बस्तर में सार्वजनिक सभा को संबोधित करने का अवसर मिल रहा है। आपकी ओर से जो स्नेह मिला वह अभिभूत करने वाला है। यह मां दंतेश्वरी की धरती है। भगवान राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ जब राज्य बना तो पहले विधानसभा चुनाव के दौरान मुझे पार्टी ने प्रभारी बनाकर भेजा गया था। लोग कहते थे कि यहां कांग्रेस की ही सरकार रहेगी। लेकिन जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया।

यहां 20 साल में 15 साल तक भाजपा की सरकार रही है। बीच में जनता ने थोड़ा स्वाद बदलने के लिए कांग्रेस को एक अवसर दिया, लेकिन उन्होंने जो कुछ किया वह किसी से छिपा नहीं। यही वजह है कि एक बार फिर जनता ने भाजपा को भरपूर स्नेह दिया।

जनता को पता है कि राज्य और देश का विकास कोई कर सकता है तो वह भाजपा है। राजनाथ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस की सरकार जब भी कहीं आती है तो घोटालों की बाढ़ आ जाती है। आप लोगों ने देखा छत्तीसगढ़ में एक बार कांग्रेस की सरकार क्या बनी यहां गोबर में घोटाला कर डाला। भैंस के चारे में घोटाला कर डाला। हमारे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अत्यंत विनम्र और कर्मठ हैं।

#### 'भाजपा सुशासन देती है'

आजाद भारत के बाद भारत में जितनी भी कांग्रेस सरकारें रहीं, सब पर भ्रष्टाचार का कोई न कोई आरोप लगा। लेकिन दस साल से केंद्र में मोदी जी की सरकार के ऊपर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी ने कहा था केंद्र से 1 रुपये भेजते हैं तो 85 पैसा बीच में डकार लिया जाता है। इसे यदि किसी ने चुनौती माना तो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने, जिन्होंने 100 में सौ रुपये जमीन तक पहुंचाया।

#### 'प्रदेश अध्यक्ष बेहतरीन वक्ता'

श्री राजनाथ सिंह जी ने अपने उद्बोधन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी को एक प्रभावी वक्ता बताते हुए कहा कि मैं दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष जी का भाषण सुन रहा हूं। यह एक प्रभावी वक्ता हैं। प्रदेश की समस्याओं को जानते और समझते हैं।

#### सभी 11 सीट जीतकर मोदी जी और राजनाथ जी को देना है - किरण सिंह देव

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी ने कहा कांग्रेस की सरकार ने पांच साल तक छत्तीसगढ़ में मोदी सरकार की योजनाओं में रुकावट डाली। यही वजह है कि उन्हें प्रदेश की जनता ने सबक सिखाया। उन्हें उखाड़ फेंका है।

## आदिवासियों से जल-जंगल छीनना चाहते हैं मोदी-राहुल गांधी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में चुनावी प्रचार के लिए लगातार दोनों दल के बड़े नेता बस्तर पहुंच रहे हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज चुनाव प्रचार के लिए बस्तर पहुंचे. उन्होंने बस्तर ब्लॉक के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के लिए वोट मांगा. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार को जमकर कोसा.



राहुल गांधी ने कहा, हम आपको आदिवासी कहते हैं मोदी आपको वनवासी कहते हैं. हिदुस्तान में जब कोई नहीं था तब आदिवासी यहां वास करते थे, यहां के जल जंगल सब पर उनका हक था. जो आपको वनवासी कहते हैं वो हिदुस्तान का हिस्सा नहीं मानते. हम आपके लिए पेशा कानून लाए, मनरेगा लाए, भाजपा के लोग आरएसएस के लोग आपके विचार भरोसा पर आक्रमण करते हैं, हिंदुस्तान में जंगल कम हो रहा है. यह जंगल जमीन मोदी जी अडानी को पकड़ा रहे हैं. ये चाहते हैं कि आप बड़े शहरों में ना जाए, बड़ी कंपनियों में काम ना करें, लेकिन हम चाहते हैं आप आगे बढ़े. राहुल गांधी ने कहा, मोदी जी कभी समंदर के अंदर घुस जाते हैं पूजा करते हैं. कोविड में थाली बजाओ कहते हैं, जब सांसे नहीं चल रही थी लाशें रखने की जगह नहीं थी, जब थाली से काम नहीं चला तब कहते हैं मोबाइल का टॉर्च जलाओ. जब मजदूर उस वक्त घर वापस जा रहे थे उस वक्त दिल्ली की सरकार ने कोई मदद नहीं की।

पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा पर दो एफआईआर

## पीएम मोदी और पुलिस जवानों के खिलाफ किया आपत्तिजनक भाषण

**रायपुर/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री और बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ बीजापुर के 2 अलग-अलग थानों में FIR दर्ज हुई है। बताया जा रहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस के जवानों को तीर धनुष से मार भगाने और PM मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण देने पर भारत निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लिया है।




मिली जानकारी के मुताबिक मिरतुर और कुटरू थाने में IPC की धारा 500, 188, 506 के साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ है। ECI ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। भैरमगढ़ तहसीलदार के आवेदन पर FIR दर्ज की गई है।

बीते दिनों बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वे ग्रामीणों को क्षेत्रीय बोली गोंडी में कहते दिख रहे थे कि, कवासी लखमा जीतोड़, नरेंद्र मोदी ढोलतोर।

## संक्षिप्त समाचार

पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़

### ग्रेनाइट लांचर और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त, घटना स्थल पर खून के धब्बे, सर्चिंग जारी

**धमतरी.** जिले के बोराई थाना क्षेत्र में आने वाले और ओड़िशा बॉर्डर से लगे एकावारी के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ शुक्रवार की



रात शुरू हुई थी, जो शनिवार की दोपहर तक चली. इस मुठभेड़ में पुलिस के एक जवान की उंगली पर गोली लगने से मामूली जख्म आया है. वहीं मौके पर मिले खून के धब्बों से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि कम से कम दो से तीन नक्सली घायल हुए हैं.

घटना स्थल पर सर्चिंग के बाद पुलिस को एक बैरल ग्रेनाइट लांचर और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री मिली है. पुलिस ने सारा सामान जब्त कर लिया है. बैकअप फोर्स की मदद से एनकाउंटर करने वाली टीम को सुरक्षित वापस लाया जा रहा है. धमतरी एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि नक्सलियों के नुआपाड़ा दलम के एकावारी के आसपास होने की सूचना मिली थी. इसके बाद गरियाबंद और धमतरी की डीआरजी टीम को संयुक्त रूप से सर्चिंग में भेजा गया था, जिनके साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है. मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सर्चिंग और तेज कर दी गई है.

### अवैध शराब और सट्टा खिलाने के आरोपियों को थाने से छुड़वाकर ले गई भीड़



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मुजगहन थाना में अवैध शराब बिक्री और सट्टा में संलिप्त आरोपित के पक्ष में स्थानीय लोगों की भीड़ ने रात भर थाने में घुसकर हंगामा किया और आरोपित को छुड़ाकर ले गई। पुलिस लोगों के सामने बेबस नजर आई। जानकारी के पुलिस ने कथित तौर पर अवैध शराब की बिक्री और सट्टा खिलवाने वाले आसकरण व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उसकी गिरफ्तारी से नाराज लोग बड़ी संख्या में रात में स्थानीय लोग मुजगहन थाने पहुंच गए।लोगों ने रातभर मुजगहन थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ की।वे आसकरण को पुलिस की हिरासत से छुड़ाकर ले गए।भीड़ में शामिल कुछ लोग वैध जुआ संचालन और शराब बिक्री के आरोप में गिरफ्तार दूसरे आरोपित छोटू बंजारे को भी छुड़ाने शनिवार की सुबह -सुबह पहुंचे हैं ।

सीएम साय ने कांग्रेस पर कसा तंज

## गद्दे में सोने वाले भ्रष्ट कांग्रेसी अब सो रहे हैं जेल की जमीन पर

रायपुर/मरवाही/जनकपुर। कांग्रेस शासन में हुए घोटाले के आरोपी आज जेल की हवा खा रहे हैं. कभी गद्दे में सोने वाले आज जेल में नीचे सो रहे हैं, मच्छर से परेशान हैं. ये सब उनके किए की सजा उनको मिल रही है.




कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंडी और जनकपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विष्णुदेव साय ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था. 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए. प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया. नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए. उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने युवाओं को जुआ का लत लगा दी. महादेव एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रुपए प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है, एफआईआर भी हुई है,जो छत्तीसगढ़ के लिए शर्म की बात है.

### अब प्रदेश में भाजपा की सुशासन की सरकार है

सीएम साय ने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं. उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किए हैं. शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी. 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया. पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपा और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रुपए क्विंटल धान की कीमत दी. सीएम साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के दूसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है. हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया. उन्होंने रामलला दर्शन योजना की याद दिलाते हुए जनता से कहा कि उनकी सरकार राम भक्तों को भांचा राम से मिलाने का काम कर रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों से 5500 रुपया प्रति मानक बोरा के दर से तेंदूपत्ता खरीदेगी. संग्राहकों को तेंदूपत्ता का बोनस भी मिलेगा. 12.50 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों को छात्रवृत्ति भी दी जाएगी. ये सब काम हम करेंगे, उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया.

#### सरोज पांडेय भाजपा प्रत्याशी ये कोरबा का सौभाग्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र का सौभाग्य है कि भाजपा ने सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया है. सरोज पांडेय महापौर, विधायक, सांसद, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पार्टी की केंद्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद जैसे बड़े-बड़े पदों पर रहीं. एक बार में महापौर-विधायक-सांसद बनने का रिकॉर्ड भी उनके ही नाम है. ऐसी प्रखर वक्ता और योग्य नेत्री को आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाना है, दिल्ली भेजना है. सीएम साय ने कहा कि लोकसभा का यह बहुत ही चुनाव महत्वपूर्ण चुनाव है. ये चुनाव दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।

## कलेक्टर के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ




**रायपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज आरंग विकासखंड के गोइंदा गांव में ग्रामीणों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। यहां नवाचार तरीके से मतदाता जागरूकता के कार्य किए गए है। ग्राम पंचायत गोईन्दा में अनाज, सब्जी और सलाद से स्वीप का मोनो बनाया गया। जहां अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता शामिल हुए।






## कांग्रेस पीएम मोदी से मुकाबला नहीं कर पा रही, इसलिए व्यक्तिगत टिप्पणी कर रही- अरुण साव

**लोरमी।** राहुल गांधी के आदिवासी समाज को लेकर भाजपा पर लगाए आरोप पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है. साव ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने आदिवासी समाज को हमेशा अपना वोट बैंक समझा. आदिवासी समाज के लिए सभी बड़े काम भाजपा ने किया है. केंद्र में अलग जनजाति विभाग बनाने सहित भाजपा ने आदिवासी समाज की बेटी को राष्ट्रपति बनाया है. राहुल गांधी को ये भी नहीं दिखता तो कहूंगा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासी समाज को उपेक्षित किया, उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने गोड़खाम्ही में चाय पर की चर्चा. लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी सहित बिलासपुर प्रत्याशी तोखन साहू के लिए आशीर्वाद मांगा. साव ने कहा, आज




कांग्रेस पार्टी पीएम मोदी से मुकाबला नहीं कर पा रही, इसलिए व्यक्तिगत टिप्पणी कर रही है. कन्हैया कुमार द्वारा पीएम मोदी की तुलना रावण से करने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है. साव ने कहा, कांग्रेस डरी और बौखलाई हुई है।

आज गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री बने हैं ये कांग्रेस के लोगों को पच नहीं रहा है. कांग्रेस के नेता गंभीर, अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पड़ी कर रहे हैं. कवासी लखमा पर एफआईआर को लेकर साव ने कहा, जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, निश्चित रूप से कानून सम्मत कार्यवाही होगी.

## एडंवास टैक्स जमा करने पर 6.5 प्रतिशत की छूट

### रायपुर नगर निगम ने निकाला अलग-अलग ऑफर

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम में नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आज से संपत्ति कर लेने की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में रायपुर नगर निगम ने टैक्सपेयर के लिए बड़ा ऑफर निकाला है। जून 2024 तक टैक्स जमा करने वाले लोगों को निगम 6.5 प्रतिशत की छूट दे रहा है। रायपुर नगर निगम ने पिछले साल 250 करोड़ का लक्ष्य रखा था, जिसमें 286 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसे लेकर अफसर इस बार काफी उत्साहित हैं। नगर निगम ने संपत्ति कर वसूली की तैयारी अप्रैल से ही शुरू कर दी है। रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि जितनी



लोग जितनी जल्दी टैक्स जमा करेंगे, उन्हें उतनी ही छूट नगर निगम की ओर से दी जाएगी।

अप्रैल से टैक्स जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निगम अप्रैल से जून तक एडवांस टैक्स जमा करने पर 6.5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं जुलाई से सितंबर तक 4 प्रतिशत और अक्टूबर से दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर 2 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

#### इन्हें नहीं मिलेगी राहत

निगम अधिकारियों ने बताया कि लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन टैक्स जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही जनवरी से 31 मार्च 2024 तक टैक्स जमा करने वाले कर दाताओं को किसी तरह की राहत नहीं दी जाएगी।

# द्रविड़ पार्टियों से निराशा के बीच नया दल आजमाने की चाह; दक्षिण समर्थक भावनाओं का विकास

तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम बड़े नेताओं के साथ भाजपा वहां धुआंधार प्रचार कर रही है, जबकि द्रमुक और कांग्रेस पूरी तरह से एमके स्टालिन और राहुल गांधी पर निर्भर हैं। तीन धड़ों में बंट चुकी अन्नाद्रमुक ने भी अपने स्थानीय नेताओं को राज्य के दौरे में व्यस्त रखा है। एडाप्पडी पलानीस्वामी अन्नाद्रमुक के स्टार प्रचारक हैं।



मतदाता दोनों द्रविड़ पार्टियों से निराश हैं- चाहे द्रमुक हो या अन्नाद्रमुक। वे अब एक वैकल्पिक पार्टी को आजमाना चाहते हैं। राज्य और जिला स्तरीय दलों का बढ़ना इस बात का संकेत है कि मतदाताओं में सिनेमा संस्कृति के प्रति निराशा बढ़ रही है और दक्षिण समर्थक भावनाओं का विकास हो रहा है।

द्रविड़ पार्टियों को हिंदू समर्थक भाजपा से कठिन चुनौती मिल रही है। पहली बार राज्य में 70 वर्षों से बारी-बारी शासन में रहे द्रमुक और अन्नाद्रमुक, दोनों द्रविड़ दलों को भाजपा और सिने अभिनेता विजय द्वारा हाल ही में गठित सीमन नाम तमीझर काची पार्टी से खतरा महसूस हो रहा है। तमिलनाडु में एक ऐसा वर्ग उभरा है, जो मोदी के तीसरे कार्यकाल के पक्ष में है। तमिलनाडु के राजनीतिक दलों के भाषण और घोषणापत्रों से यही संकेत मिलता है कि पार्टियां 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों पर लोकसभा चुनावों की तुलना में ज्यादा जोर दे रही हैं। तमिलनाडु की ये राज्य और जिला स्तरीय पार्टियां चाहती हैं कि नरेंद्र मोदी का शासन बिल्कुल खत्म होना चाहिए। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना प्रवासी पक्षियों से की है, जो चुनावी मौसम में तमिलनाडु आते हैं।

विभिन्न दलों के नेता एक-दूसरे के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि %द्रमुक की विचारधारा राष्ट्र विरोधी है। पिछले 10 वर्षों में राजग सरकार तमिलनाडु के मछुआरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राजग सरकार तमिलनाडु के पांच मछुआरों की जान बचाकर उन्हें भारत लाई, जिन्हें श्रीलंका की अदालत ने मृत्युदंड की सजा सुनाई थी।% उन्होंने आगे कहा कि 'द्रमुक के एक नेता का कहना है कि यह चुनाव मोदी को देश से बाहर भेजने के लिए है, लेकिन यह चुनाव भ्रष्टाचार, वंशवादी राजनीति और नशीले पदार्थों के खतरे को देश से बाहर भेजने के लिए द्रमुक की राष्ट्र-विरोधी विचारधारा को खत्म करने के लिए है।' यदि नेताओं के भाषणों का विश्लेषण किया जाए, तो उससे कुछ अनुमान लगाए जा सकते हैं। एक, यदि द्रमुक सभी 39 सीटें जीत जाती है, तो यह सुनिश्चित हो जाएगा कि उसके लिए 2026 का मार्ग सुरक्षित है और गठबंधन कायम रहेगा। दूसरा, यदि अन्नाद्रमुक 8-10 सीटें जीत जाती है और भाजपा गठबंधन पांच से आठ सीटें जीत जाता है, तो यह द्रमुक के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान को दर्शाएगा। ऐसे में स्टालिन के सामने अपनी पार्टी को एकजुट रखने की चुनौती पैदा होगी। जाहिर है, द्रमुक को तोड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियां भी सक्रिय हो जाएंगी। तीसरा, यदि केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बना लेती है, तो निश्चित रूप से भाजपा द्रमुक को खत्म करने के लिए वैसा ही अभियान चलाएगी, जैसा झारखंड मुक्ति मोर्चा और आप के खिलाफ चलाया। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी ने स्टालिन सरकार को रेत माफिया, ड्रग माफिया और तुष्टीकरण का एजेंट बताया है। वर्ष 1967 से राज्य की राजनीति पर नजर रखने के नाते इन पंक्तियों के लेखक का मानना है कि मतदाता दोनों द्रविड़ पार्टियों से निराश हैं-चाहे द्रमुक हो या अन्नाद्रमुक। वे अब एक वैकल्पिक पार्टी को आजमाना चाहते हैं। राज्य और जिला स्तरीय दलों का बढ़ना इस बात का संकेत है कि मतदाताओं में सिनेमा संस्कृति के प्रति निराशा बढ़ रही है और दक्षिण समर्थक भावनाओं का विकास हो रहा है। ऐसे में हैरानी नहीं कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करेंगे और पश्चिम बंगाल एवं त्रिपुरा फॉर्मूले पर तमिलनाडु पर कब्जा करने के लिए आक्रामक रुख अपनाएंगे। इसके लिए तमिलनाडु में बुनियादी संरचनाओं के निर्माण और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएंगे। नशे के कारोबार और खनन माफिया पर अंकुश लगाने के साथ वह विदेशी निवेशकों को भी इसके लिए आकर्षित कर सकते हैं। एक विदेशी कंपनी सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में दक्षिणी राज्यों में निवेश करना चाहती थी, लेकिन सामाजिक अशांति और कानून-व्यवस्था की समस्या के कारण अचानक उसे पश्चिमी राज्यों का रुख करना पड़ा। इस बात से कोई इन्कार नहीं कर सकता कि विदेशी शक्तियां, खासकर चीन और पाकिस्तान दक्षिणी राज्यों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

- राजगोपालनआर

## संपादकीय

### सीएम ममता का हास्यास्पद तर्क

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम पर हमले और फिर एफआईआर, चोरी और सीनाजोरी का मामला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार की नजर में कोई भी केंद्रीय जांच एजेंसी; एनआईए, ईडी या सीबीआई हो, वे सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी एजेंसियां हैं। इनका इस्तेमाल वे सूबे की सत्ता हासिल करने में करते हैं। लिहाजा, तृणमूल कांग्रेस (तृमूकां) ने निर्वाचन आयोग से मिलकर अनुरोध किया है कि वह भाजपा का चुनावी हित साधने में जांच एजेंसियों के दुरु पयोग रोके। तृमूकां का वहां अपनी बात रखने और उस पर उचित कार्रवाई की आशा का पूरा अधिकार है।

पर अंधाधुंध विरोध में ममता इस बात को भूल जाती हैं कि वे केवल तृमूकां की अभियानी नेता भर नहीं हैं। वे मुख्यमंत्री जैसे एक संवैधानिक पद पर हैं, जिसका काम प्रदेश के साथ राष्ट्रीय एकता, सम्प्रभुता और अखंडता की रक्षा का भी है। यह तभी हो सकता है कि जब राज्य एवं संघ के कर्त्तव्यों का पालन किया जाए। पहले ईडी और अब एनआईए मामले में ऐसा नहीं हुआ है। एनआईए की टीम 2022 के एक आतंकवादी मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पहुंची थी, उस पर उनके समर्थकों, जिन्हें कांग्रेस नेता अधीर रंजन 'दीदी के गुंडे' कहते हैं, ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री एनआई टीम की कार्रवाई का सपोर्ट करने, उसे पुलिस सुरक्षा देने और हमलावरों की गिरफ्तारी का निर्देश देने के बजाय हास्यास्पद तर्क दे रही हैं। ममता मुख्यमंत्री हैं, उनके अधीन पुलिस समेत राज्य की कई जांच एजेंसियां हैं, जिनकी रात की रेड एक रूटीन-वर्क है। इसी बिना पर एनआईए की रेड का विरोध गैरजिम्मेदाराना है।

# अपराधः चुनावी दौर में जहरीली शराब का धंधा..., अवैध शराब बनाने वालों और उनके सहयोगियों पर नकेल कसना समय की मांग

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस समय पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। लेकिन पिछले 20 मार्च को पंजाब के संगरूर जिले में जहरीली शराब से पांच की मृत्यु हो गई और कुछ लोग भर्ती किए गए। मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 तक पहुंच गई। इस घटना का तत्काल ही चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और पंजाब सरकार के मुख्य सचिव व डीजीपी को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। इस बार लोकसभा चुनावों में आचार संहिता लागू होने के बाद जहरीली शराब पीने से मौत की यह पहली घटना है।



इस बार लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के बाद पंजाब के संगरूर में जहरीली शराब से 21 लोगों की मौत ऐसी पहली घटना है।

वर्ष 2019 में ओडिशा में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। उस दौरान भी 30 अप्रैल, 2019 में भद्रक जिले में जहरीली शराब पीने से पांच लोग मरे व 28 बीमार हुए थे। उस दिन राज्य में चौथे व अंतिम चरण का मतदान था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राजनीतिक पार्टियों द्वारा बांटे गए पैसे से लोगों ने शराब खरीदी थी और राजनीतिक दलों द्वारा भी शराब बांटी गई थी। सितंबर, 2022 में हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई थी। उत्तर प्रदेश में भी पंचायत चुनावों के दौरान जहरीली शराब कांड हुए थे। अलीगढ़ में जहरीली शराब पीने से मई, 2021 में अस्सी लोग मर गए थे।

लोकसभा, विधानसभा या पंचायतों के चुनावों में भी मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार कच्ची-पक्की, सस्ती-महंगी शराब बांटते रहते हैं। इसलिए चुनाव आयोग नकदी के साथ शराब या नशीले पदार्थों पर भी निगरानी रखता है। अभी देश भर में शराब पकड़ी जा रही है। राज्यों में इसके लिए विशेष छापामार दस्ते तैनात किए गए हैं। उत्तराखंड में तो ड्रोनों की मदद से शराब बनाने वालों पर नजर रखी जा रही है। संगरूर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का गृह जिला भी है। वह जब प्रभावित परिवारों से मिलने गए, तो गांव वालों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा खुलेआम चल रहा है। इस कांड की जांच के लिए विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन हो चुका है। दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। संगरूर कांड में नकली शराब में मिथेनॉल पाया गया। शराब बनाने के लिए ये रसायन मिथाइल अल्कोहल नोएडा से तथा बोतलें व ढक्कन बनाने का सामान लुधियाना से खरीदा गया था। बताया जा रहा है कि शराब बनाने की जानकारी यूट्यूब से जुटाई गई थी और कुछ जरूरी सामान ऑनलाइन भी खरीदा गया था। पंजाब पुलिस और आबकारी विभाग को छापों में जगह-जगह हजारों लीटर शराब, सैकड़ों खाली व भरी अवैध शराब की बोतलें, पेटियां एवं भट्ठियां मिल रही हैं। किंतु मौके पर शराब बनाते अपराधी कम ही पकड़े जा रहे हैं। हालांकि सांविधानिक प्रतिबद्धता देश में मद्यपान को कम करने की है, किंतु राज्य ज्यादा से ज्यादा शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाने में लगे हैं।

उनका तर्क होता है कि इससे अवैध व नकली शराब के जोखिम कम होंगे। अनुमानतः औसतन राज्यों को करीब ढाई लाख करोड़ का राजस्व शराब की बिक्री से मिलता है। इसलिए कोरोना महामारी के दौरान बंद शराब की दुकानों को खुलवाने के लिए राज्य बेताब थे। शराब बनाने, वितरण, प्रबंधन आदि राज्यों का

विषय है। 19 जुलाई, 2022 को गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने एक लिखित जवाब में संसद को बताया कि वर्ष 2016 से 2020 के बीच जहरीली शराब पीने से देश में 6,000 मौतें हुईं थीं। देखने में आता है कि विभिन्न जहरीली शराब कांडों में जो अपराधी पकड़े जाते हैं, वे पहले भी ऐसे ही कारोबारों में कई बार सजा व जमानत पाए हुए होते हैं। बाहर निकलते ही वे फिर से पुराने धंधे में लग जाते हैं।

- वीरेंद्र कुमार पैन्यूली

## मिला जुला

# कांग्रेस के रास्ते पर तेजस्वी यादव, जमुई में कर दिया बड़ा एलान

**पटना।** राजद नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को जमुई, गया व नवादा में सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। लेकिन तेजस्वी यादव इस सभा में कांग्रेस के रास्ते पर जाते दिखे। उन्होंने कांग्रेस के फॉर्मूले को बिहार में एलान कर लोगों से वोट देने की अपील की। तेजस्वी यादव ने जमुई के सिकंदरा स्थित श्रीकृष्ण विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सभा में तेजस्वी ने वादा किया कि पांच साल मुझे सत्ता मिली तो राशन के साथ



नौकरी भी देंगे। पेंशन बढ़ाने के साथ पुरानी पेंशन नीति भी लागू करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के परिवारवाद पर दिए भाषण पर तंज कसते हुए कहा कि प्रथम चरण की चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों की पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है, यह सबको पता है। कहा, मोदी जी को यह नहीं पता है कि चिराग पासवान कौन हैं, क्या यह परिवारवाद से घिरे नहीं हैं।

# संजय और उदय दास बनकर कोलकाता में रह रहे थे बेंगलुरु ब्लास्ट के आरोपी

**रामेश्वरम** कैफे विस्फोट मामले में 42 दिनों की जांच के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार (12 अप्रैल) को पश्चिम बंगाल से दो आरोपियों (मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा) को गिरफ्तार किया. गिरफ्तारी के बाद एनआईए को पता चला कि दोनों पश्चिम बंगाल में नई पहचान के साथ रह रहे थे.



एनआईए को पता चला है कि कोलकाता दो जगह ये लोग रुके और दोनों जगह फर्जी पहचान पत्र के जरिये हिंदू बनकर रूम लिया. शाज़ेब ने युशा शाहनवाज पटेल नाम का एक नकली आधार कार्ड इस्तेमाल किया और खुद को पालघर, महाराष्ट्र से होने का दावा किया. ताहा ने खुद को एक स्थान पर कर्नाटक का विग्नेश बीडी और दूसरे स्थान पर अनमोल कुलकर्णी बताया और इसी नाम की आईडी दिखाई. दूसरे होटल में उन्होंने अपना नाम झारखंड और त्रिपुरा के संजय अग्रवाल और उदय दास बताया. इन दोनों की गिरफ्तारी खुफिया एजेंसियों और एनआईए के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है. दोनों ने 42 दिनों तक एक पैटर्न का पालन किया जिस पर एजेंसियां नज़र रख रही थीं. सूत्रों ने कहा, दोनों केवल गेस्टहाउस और निजी लॉज में रुके थे जहां वेरिफिकेशन के लिए मजबूर नहीं किया जाता है. आरोपी कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं. अधिकारियों ने बताया कि कैफे में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) शाजिब ने रखा था, जबकि ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मास्टरमाइंड था.

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

# इतने गुस्से में क्यों है ईरान? कभी भी कर सकता है इजरायल पर हमला

**इस** महीने की शुरुआत में दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजरायल ने हमला कर दिया था। इस हमले में दो ईरानी जनरलों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ईरान गुस्से में है। उसने जवाबी हमले की धमकी दी है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में भी इस बात का दावा किया गया है कि अगले दो दिन में ईरान इजरायल पर हमला कर सकता है। रिपोर्ट में अमेरिका के खुफिया विभाग के हवाले से ये जानकारी दी गई है। भारत, फ्रांस और रूस सहित देशों ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

इस रिपोर्ट की माने तो हमले अगले 24 से 48 घंटे के भीतर हो सकते हैं। ईरान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि हमले की योजना पर चर्चा की जा रही है, हालांकि कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए इजरायली हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। ईरान ने इजरायल पर हमले की चेतावनी दी है। अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट के हवाले ये कहा गया कि इजरायल की सीमाओं के भीतर ये हमला हो सकता है।

## मानवेंद्र सिंह की घर वापसी, दीया कुमारी ने साधे एक तीर से कई निशाने

जयपुर। राजस्थान बीजेपी में 6 साल बाद पूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह की घर वापसी हुई है। मानवेंद्र सिंह को बीजेपी में लाने का श्रेय डिप्टी सीएम दीया कुमारी को दिया जा रहा है। सियासी जानकारों का कहना है कि दीया कुमारी ने मानवेंद्र सिंह की बीजेपी में लाने की पटकथा लिखी है। बता दें वसुंधरा राजे से मतभेद के चलते मानवेंद्र सिंह ने 2018 में बीजेपी छोड़ दी थी। इसके बाद कांग्रेस में शामिल हो गए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा राजे और दीया कुमारी की अदावत जगजाहिर है। ऐसे में दीया कुमारी ने वसुंधरा राजे के धुर विरोधी को पार्टी में शामिल करा बड़ा सियासी गेम खेला है। सियासी जानकारों का कहना है कि दीया कुमारी चाहती है कि वसुंधरा राजे के विरोधी पार्टी में शामिल हो, ताकि सियासी तौर पर कमजोर किया जा सके।

# वंदे भारत जैसी सुविधा, किराया राजधानी से भी कम; 50 अमृत भारत ट्रेनें चलाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में आम रेल यात्रियों के लिए 50 अमृत भारत ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। सभी ट्रेनों में स्लीपर-जनरल कोच होंगे। केसरिया रंग की इन अमृत भारत ट्रेनों को पुल-पुश तकनीक से 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार पर दौड़ाया जाएगा।



औसत गति अधिक होने के कारण यह ट्रेनें राजधानी एक्सप्रेस से भी कम समय लेंगी। इनके कोच में सुविधाएं मेल-एक्सप्रेस से बेहतर होंगी। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) में अमृत भारत ट्रेनों के कुल 1230 कोच का उत्पादन करने का फैसला किया गया है। इसमें स्लीपर श्रेणी (एलडब्ल्यूएससीएच) के 600 कोच, जनरल श्रेणी (एलडब्ल्यूएस) के 440 कोच और गार्ड-स्लीपर श्रेणी (एलएसएलआरडी) के 130 कोच का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रकार वित्तीय वर्ष में कुल 50 अमृत भारत ट्रेनों को चलाया जाएगा और इनके कोच स्लीपर-जनरल होंगे। यानी अमृत भारत आम रेल यात्रियों की ट्रेनें होंगी।

**राजधानी से कम किराया**

अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में दो अमृत भारत ट्रेनें आनंद विहार-अयोध्या और दिल्ली-दरभंगा के बीच चलाई जा रही हैं। चरणबद्ध तरीके से इनकी संख्या 52 तक करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल में अमृत भारत ऐसी ट्रेनें हैं जिसमें जर्क (झटके) नहीं लगेंगे। क्योंकि इसमें सेमी स्थायी कप्लर लगे हैं। यह एलएचबी तकनीकी का विकसित वर्जन है। पुल-पुश तकनीक होने के कारण अमृत भारत ट्रेनों की औसत रफ्तार राजधानी ट्रेनों की अपेक्षाकृत अधिक होगी। जिससे ये ट्रेनें गंतव्य तक पहुंचने में राजधानी एक्सप्रेस से भी कम समय लेंगी।

### केंद्रीय मंत्री का छत्तीसगढ़ दौरा

# कांग्रेस नेताओं पर बोला हमला, कहा - मोदीजी को जितनी गलियां देनी है दो...

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर छत्तीसगढ़ के सियासी गलियारे में पारा गरमाया हुआ है। वहीं, दूसरी ओर नेताओं के बयानबाजी ने माहौल और गर्म कर दिया है। बयानबाजी के इस दौर में छत्तीसगढ़ दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने राहुल गांधी, कवासी लखमा सहित कांग्रेस नेताओं पर करारा प्रहार किया है।

रायपुर दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ये संविधान बदलने का हल्ला कर हैं लेकिन संविधान नहीं बदला जा रहा है। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनने का मौका नहीं मिलेगा,



क्योंकि इंडिया गठबंधन का हर नेता प्रधानमंत्री बनना चाहता है।


उन्होंने महाराष्ट्र 48 सीटें को लेकर कहा कि हमारा टारगेट महाराष्ट्र की 48 में से 48 सीट जीतने का है। हमें 400 सीट पार करना है, उसमें इंडिया गठबंधन की हार होने वाली है। वहीं, कवासी लखमा के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि मोदी जी को जितनी गाली देना है दे दो जो भी बोलना है बोलो इससे उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। पीएम मोदी को मारने वाले खुद मर जाएंगे, मोदी जी जल्दी नहीं मरेंगे लेकिन कांग्रेस हारेगी।

रामदास अठावले ने आगे कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात हुई है, उनसे बाबा साहब आंबेडकर और बिरसा मुंडा का संग्रहालय बनाने की मांग की गई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने मीडिया को बताते हुए कहा कि देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं ये बात अगर किसी को मालूम नहीं है तो वो हैं राहुल गांधी।

# गुलाम नबी आजादने बताया बीजेपी कब तक करेगी हुकूमत

कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने ताजा हालात के लिए एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। आजाद ने कहा है कि अगर एक बार फिर बीजेपी की सरकार आती है तो उसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार होगी। इस दौरान डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के अध्यक्ष ने इस दौरान कांग्रेस की अभी की लीडरशिप को निशाने पर लिया। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में गुलाम नबी आजाद ने कहा, जहां पर मैंने स्टेट छोड़ी थी, एक बार फिर यहां पर जीरो से शुरुआत करनी होगी। गुलाम नबी आजाद राजौरी अनंतनाग सीट से लोकसभा उम्मीदवार हैं।



### सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी याचिका

# सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच सोमवार को करेगी सुनवाई

**सुप्रीम** कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद शराब नीति घोटाला मामले में उनकी रिमांड



को चुनौती देने वाली याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। बता दें कि दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था और उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराया था।

# पहले दिन आठ प्रत्याशियों ने लिया नाम निर्देशन पत्र

## महिलाओं व युवाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की कांग्रेस की गारंटी से घबराई भाजपा

**बिलासपुर** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण द्वारा तीसरे चरण की अधिसूचना जारी की गई। इसके साथ ही नामांकन लेने का दौर शुरू हो गया है। पहले दिन शुक्रवार को किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र जमा नहीं कराया। आठ प्रत्याशियों ने निक्षेप राशि जमा करके नाम निर्देशन पत्र इश्यू कराए हैं। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है। निक्षेप राशि जमा कर नाम निर्देशन पत्र लेने वालों में महेश कुमार सोनवानी, लक्ष्मण पाठक, देवेन्द्र सिंह यादव, चंद्रप्रदीप वाजपेयी, सालिकराम जोगी, देवप्रसाद, सुदीप श्रीवास्तव एवं आनंद उरांव हैं।

नामांकन पत्र खरीदने के पहले अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने बसपा उम्मीदवार और पूर्व पार्षद चंद्रप्रदीप वाजपेयी ने कांग्रेस उम्मीदवार की हैसियत से नामांकन पत्र खरीदा। पहले दिन अधिवक्ता श्रीवास्तव व वाजपेयी द्वारा लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए खरीदे गए नामांकन पत्र को लेकर शहर की राजनीति में चर्चा का विषय बना रहा। बसपा उम्मीदवार की हैसियत से सुदीप के नामांकन को लेकर अटकलबाजी का दौर भी प्रारंभ हो गया है।



### व्यय प्रेक्षक ने किया जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण

बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्रीकांत नामदेव ने शुक्रवार को जिला कार्यालय का भ्रमण कर लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए की गई व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार की गई तमाम व्यवस्थाओं एवं उनकी काम-काज की प्रगति के प्रति संतुष्टि जाहिर की। व्यय से जुड़े नोडल अधिकारियों की मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर आगामी तैयारियों की समीक्षा की गई। नामदेव ने चुनाव संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए स्थापित सी विजिल केन्द्र, चुनाव नियंत्रण कक्ष, एमसीएमसी कक्ष, व्यय अनुविक्षण ईकाई आदि का अवलोकन किया और उनकी कार्य प्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने सजग होकर सभी को आयोग के निर्देशों के अनुरूप तत्परता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन ईकाईयों द्वारा संधारित विभिन्न पंजियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं कम्प्यूटर पर बैठकर सी- विजिल एप से समस्या निदान की प्रक्रिया देखी।

अब तक सि-विजिल के जरिए नौ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका समाधान कर लिया गया है। एमसीएमसी कक्ष के नोडल अधिकारी मुनुदाऊ पटेल ने मीडिया मानिटरिंग एवं पेड न्यूज के लिए की गई व्यवस्था की विस्तार से जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी, संयुक्त कलेक्टर एवं व्यय लेखा के नोडल मनीष साहू सहित तमाम नोडल अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

मारगांव में युवक ने ली समाधि

## घर में गर्दन तक शरीर को जमीन के अंदर धसाया शासन प्रशासन में मचा हड़कंप



**राजनांदगांव।** आस्था और विश्वास का पर्व चैत्र नवरात्रि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है लोग माता की भक्ति में सराबोर नजर आ रहे हैं लोग अपने-अपने तरीके से माता की आराधना में लगे हुए हैं लेकिन राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम मारगांव में एक नवयुवक द्वारा जिंदा समाधि लेने की खबर मिली है इसको लेकर शासन प्रशासन आज दिनभर अलर्ट मोड पर रहा है कुछ लोगों ने इसे देवी देवता से जोड़ते हुए समाधि स्थल पर नारियल प्रसाद चढ़ाना भी प्रारंभ कर दिया है जानकारी के अनुसार ग्राम मारगाव में हरिश्चंद्र आत्मज घनश्याम बंजारे के द्वारा गांव की कुछ लोगों एवं परिवार की उपस्थिति में जमीन में समाधि ले ली उसके द्वारा अपना पूरा शरीर जमीन के अंदर छुपा लिया गया है जबकि सिर्फ सर दिख रहा है उसके द्वारा एक डायरी भी लिखा गया है कि वह स्वेच्छा से 9 दिनों तक समाधि ले रहा है यदि उसे कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार खुद होगा वही ग्रामीणों से बातचीत करने पर यह पता चला है कि नवरात्रि में यह आस्था का मामला है समाधि जैसी कोई बात नहीं है लोग ऐसे भक्तिमय माहौल को देखकर नारियल पैसे चढ़ा रहे हैं दूसरी ओर शासन प्रशासन में भी हड़कंप मचा रहा।

लोकसभा निर्वाचन-2024

# मां दंतेश्वरी मंदिर कॉरिडोर परिसर में “मिनी कार्निवल ने जमाया रंग

लोकनृत्यों, इंडोर खेल, जादुई करतब से लेकर फैंसी ड्रेस, मेहन्दी, रंगोली, हस्ताक्षर अभियान, लोक गायनों से दिया गया शत प्रतिशत मतदान *का संदेश

**दंतेवाड़ा** । 13 अप्रैल शनिवार को मां दंतेश्वरी मंदिर कॉरिडोर परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मिनी कार्निवल की धूम रही। जिला प्रशासन द्वारा मतदान जागरूकता मिनी कार्निवल के तहत कॉरिडोर स्थल पर रंगारंग कार्यक्रम जैसे लोकनृत्यों, इंडोर खेल, जादुई करतब से लेकर फैंसी ड्रेस, मेहन्दी, रंगोली, लोक गायनों की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों छात्र-छात्राओं लोक नर्तक दलों तथा कर्मचारियों द्वारा दी गई। इस क्रम में मंदिर के सामने मुख्य सड़क पर ''वोट हमारा है अनमोल कभी ना लेंगे इसका मोल, आओ मिलकर अलख जगाए, सब मिलकर मतदान कराये, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, जन-जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है, वोट पंडुम, शत प्रतिशत मतदान है, लोकतंत्र की शान है जैसे स्लोगनों और नारो से लिखे गये थे। और परिसर को रंगोली से सुसज्जित किया गया था। इसी प्रकार एक ओर तो संगीत के धुन पर छात्र-छात्राओं द्वारा जुम्बा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। वही दूसरी ओर इंडोर खेल के तहत मितानिनें कुर्सी दौड़ में भाग ले रही थी। इसके अलावा मेहंदी एवं रंगोली सजाओ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी अपना हुनर दिखाया। जिसमें मुख्य थीम मतदान जागरूकता को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने मेहंदी से वोट देवें रचाकर मतदान का संदेश दिया। कॉरिडोर में 'सेल्फी जोन' भी स्थापित थे जहां लोग मतदान के प्रति भागीदारी और संकल्प के साथ सेल्फी लेकर अपना सहभागिता दिखाने के साथ-साथ हस्ताक्षर अभियान के तहत बैनरों में हस्ताक्षर कर मतदान के प्रति संकल्प जाहिर किया। इसके अलावा जिला कार्यालय पदस्थ श्री शिवशंकर राव द्वारा हाथ की सफाई के साथ जादुई खेलों का प्रदर्शन कार्निवल का मुख्य आकर्षण रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गायत्री विद्यापीठ ने नुक्कड़ नाटक और गीत, शासकीय कन्या परिसर पातररास एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने लोक नृत्य, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रों ने, डमी मतदान केंद्र एवं वोट डालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मतदान के महत्व को समझाया।





# व्यवस्थित तरीके और समय पर मतदान सामग्री का वितरण और संग्रह करने की आवश्यकता

मतदान सामग्री वितरण दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने मतदान सामग्री वितरण करने वालों दलों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सेक्टरवार और रूटवार मतदान सामग्री का वितरण हेतु कार्ययोजना बनाई गई है।

इसलिए वितरण करने वाले दल व्यवस्थित तरीके और समय पर मतदान सामग्री का वितरण और संग्रह करने की कोशिश करेंगे। साथ ही मतदान दलों के सदस्यों से सामग्री जमा करवाते समय सौम्यता से व्यवहार करते हुए उनके द्वारा जमा की जा रही पीठासीन अधिकारी की डायरी सहित सभी प्रपत्रों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को बारीकी से समझने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल प्रशिक्षण श्री सुनील शर्मा, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मास्टर ट्रेनर सहित सामग्री वितरण में नियुक्त अधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को बस्तर और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान सामग्री वितरण दलों का प्रशिक्षण रखा गया था। शनिवार को जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान सामग्री वितरण दलों का प्रशिक्षणदिया जाएगा।



## आयुर्वेद औषधालय आमाटोला में नेत्र जांच शिविर का ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ लाभप्त

**राजनांदगांव।** एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिनांक 13.04.24 को शासकीय आयुर्वेद औषधालय-आमाटोला में आदरणीय श्री ध्रुवे सर ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर, अम्बागढ़ चौकी के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर प्रभारी डॉ मो इकबाल हुसैन ने बताया कि आदरणीय जिला आयुर्वेद अधिकारी श्रीमती शिल्पा पाण्डेय के मार्गदर्शन में समस्त राष्ट्रिय कार्यक्रम में भागीदारी और सहयोग देते हुए ग्रामीणों को स्वास्थ सुविधा पहुंचे ऐसे हर संभव प्रयास आयुष वा स्वास्थ विभाग की टीम अम्बागढ़ चौकी मे करती रहतीहैं। कार्यक्रम में विषेश रूप से नेत्र सहायक अधिकारी श्रीमती लालेश्वरी, सुपरवाइजर मांडवी जी, एएनएम आमाटोला,CHO का आयुष डॉ इकबाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान दिवस के दिन सभी प्रक्रिया की करेंगे मॉनिटरिंग-प्रेक्षक

## मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**दंतेवाड़ा** । लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संयुक्त जिला कार्यालय भवन के तृतीय स्थल सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक श्री जे. गणेशन ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रमुख कार्य निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू रूप संचालन का अवलोकन कर उसी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करना है। अतः माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान दिवस के दिन बिना किसी पक्षपात और भय के सभी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करेगें। भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन तथा गाइड लाइन के आधार पर मतदान केंद्र के कार्य पूर्ण रूप से संपादित हो इसकी जानकारी माइक्रो ऑब्जर्वर द्वारा ही दी जानी है। अतः प्रशिक्षण में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका से संबंधित सभी पहलुओं और जानकारियों को अच्छे तरह से जाने और समझें। माइक्रो ऑब्जर्वर की रिपोर्टि फार्मेट के बिंदुओं की जानकारी प्राप्त करें, मतदान उपरांत आपके रिपोर्ट और पीठासीन अधिकारी की डायरी का मिलान की जानी है। मॉकपोल के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की उपस्थिति मतदान केन्द्र में होना अनिवार्य होती है। मतदान दिवस के दिन समय पर मतदान की सभी गतिविधि संचालित हो, केंद्र में लंबी कतार को कम करवाने, मशीनों से संबंधित कोई दिक्कत हो तो सेक्टर अधिकारी से संपर्क जैसे कार्य में सहयोग के साथ ही माइक्रो ऑब्जर्वर उससे संबंधित प्रपत्र को भी अद्यतन करते रहना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर विधानसभा निर्वाचन में माइक्रो ऑब्जर्वर कार्य कर चुके है तो आने वाले लोकसभा निर्वाचन माइक्रो को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही होगी। उन्होंने कहा कि पहले जो माइक्रो ऑब्जर्वर विधानसभा निर्वाचन में काम कर चुके है उनसे से भी आप सभी जानकारी लेकर कार्य कर सकते है। इसके पूर्व सामान्य प्रेक्षक द्वारा डाइट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम तथा वेयर हाउस का भी निरीक्षण कर आवष्यक सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान पुलिस प्रेक्षक श्री राम किशुम, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं मतदान केंद्रों के माइक्रो ऑब्जर्वर, मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।





### मॉकपोल के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की उपस्थिति मतदान केन्द्र में होना अनिवार्य

एक नजर

## मोर्चा के चाय पर चर्चा को मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद

राजनीति से उठकर बस्तर विकास सर्वोपरि - नवनीत चांद



**जगदलपुर।** बस्तर के अपने तय मुद्दों को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा द्वारा लगातार लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्र में चाय पर चर्चा करके मतदाताओं में को मुद्दों की जानकारी दे जागरुक किया जा रहा है । इसी कड़ी में आज भी विधानसभा जगदलपुर शहर में चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें मुक्ति मोर्चा ने अपने 8 सूत्री मांगो को सामने रखा और बस्तर हित में जागरुकता की अपील की इस अवसर पर मोर्चा के मुख्य संयोजक बस्तर बेटा नवनीत चांद ने कहा चुनाव तय करता है कि बस्तर का विकास कितना महत्वपूर्ण है बस्तर में शिक्षा की उचित व्यवस्था सिंचाई सड़क निर्माण बेरोजगारी जैसे गंभीर गंभीर समस्या है इसका निदान के बिना बस्तर का विकास संभव नहीं है। जनता जागरूक हो गई तो सही आदमी सही नेतृत्व का चयन होगा। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा कि चाय पर चर्चा को जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है जिससे मोर्चा को विश्वास है कि बस्तर लोकसभा की जनता जागरुकता के साथ केवल बस्तर के विकास और हित का ध्यान रखेंगे यही हमारा लक्ष्य है। राजनीति से उठकर सभी राजनीतिक पार्टियों का लक्ष्य क्यों होना चाहिए। इस अवसर पर संतोष सिह, प्रिया यादव, .मधु नाग, किरण नाग, अमित पटेल, ओम मर काम उपस्थित थे

## प्रेक्षकों और रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में मतदान मशीनों को किया गया सुकमा जिले के लिए रवाना




**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के तहत बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा और जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के कुछ मतदान केंद्र सुकमा जिले में स्थित है उन मतदान केंद्रों के लिए मतदान मशीनों और रिजर्व मशीनों की रवानगी सामान्य प्रेक्षक श्री जे गणेशन, पुलिस प्रेक्षक श्री राम किशुन और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. की उपस्थिति में धरमपुरा मॉडल कालेज स्थित स्ट्रांग रूम से किया गया। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।अधिकारियों के निर्देश पर ईवीएम, वीवीपैट, बैलेट यूनिट के नंबर का मिलान कर पेटियों में सुरक्षित रखा गया। आयोग के निर्देश अनुसार सभी मशीनों को सीलिंग कर कड़ी सुरक्षा में सुकमा रवाना किया गया। इसी प्रकार नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर जिले में आने वाले मतदान केंद्रों के लिए नारायणपुर जिले से सुरक्षा के साथ मशीनों के पहुंचने पर मौका मिलान कर स्ट्रॉन्ग रूम में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चिन्हांकित कक्ष में रखा गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री संजय सोनवानी,सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, सुब्रत प्रधान सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित कोषालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

## राष्ट्रीय मार्ग में 10 ब्लैक स्पाट चिंहांकित, दुर्घटना रोकने बनाया मार्ग मित्र

**कोरबा** । जिले में लगातार बढ़ रही यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित ब्लैक स्पाट पर मार्ग मित्र समिति का गठन पुलिस ने किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही थाना- चैकी द्वारा यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए अभिनव अभियान चलाया है।

यहां बताना होगा कि जिले में पाली- कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में 10 दुर्घटनाजन्य सड़क खंड चिह्नांकित किया गया है। इसमें सात ब्लैक स्पाट समाहित है। दुर्घटनाजन्य क्षेत्र की कुल लंबाई 27.8 किलोमीटर है। इसमें %यादातर स्थल में लोगों की मृत्यु हुई है। इस जगह को ध्यान में रखते हुए यहां आसपास की दुकान और निवास करने वालों को मार्ग मित्र बनाया गया है और उन्हें कुछ भी दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और एंबुलेंस को बुलाने के संबंध में बताया गया है। इस प्रकार कुल 13 समितियों का गठन किया गया है और इसमें कुल 54 लोगों को जोड़ा गया और उन्हें मार्ग मित्र बनाया गया। साथ ही जगह- जगह पर सजग कोरबा का पंपलेट भी चिपकाते हुए लोगों को जागरूक किया गया है। सभी मार्ग मित्र से पुलिस के मोबाइल नंबर साझा किए गए। कोरबा पुलिस द्वारा यातायात दुर्घटना में कमी लाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## एकावरी जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़

**धमतरी** । जिले के बोराई थाना क्षेत्र के एकावरी जंगल में बीती रात मैनपुर नुआपाड़ा संयुक्त डिवीजन के माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर एसटीएफ, गरियाबंद डीआरजी एवं धमतरी डीआरजी एवं सीआरपीएफ 211 बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। सर्चिंग अभियान के दौरान कल रात्रि पुलिस एवं माओवादियों के बीच मुड़भेड़ हुई है। क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान अभी लगातार जारी है,विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

## पंचमी पर शीतला शक्ति पीठ सिहावा में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी

**नगरी** । शीतला शक्ति पीठ सिहावा में पंचमी महोत्सव धूम धाम से मनाया गया। मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना की गई ।परम्परानुसार युवाओं ने शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा किया इसमे श्रद्धालु दिनभर प्रसादी लेते रहे ।पंचमी महोत्सव पर मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही ।दर्शनार्थी कतारबद्ध होकर अपनी मनोकामना के लिये श्रृंगार सामग्री, श्री फ्ल आदि पूजन सामग्री माता को समर्पित किये। माता सेवा मण्डलिओ ने बारी बारी से पंचमी महोत्सव पर जस गीत गाकर माता सेवा की ।रात्रि में पूजा के फूल झांकी मण्डली भटगांव ने अपनी प्रस्तुति दी ।आचार्य चंद्रहास दुबे ने बताया कि आदि शक्ति का पंचम स्वरुप स्कंदमाता है कार्तिकेय की माता होने से शक्ति स्कन्द माता कहलाती है ।शीतला समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया की इस बार चैत्र नवरात्रि पर कुल 1017 ज्योति प्रज्ज्वलित हो रहे है।

# माईक्रो ऑब्ज़र्वर पूरी सजगता के साथ करें आयोग द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन

**सामान्य प्रेक्षक माईक्रो ऑब्ज़र्वर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**

जोहार छत्तीसगढ़ – कांकेर।



लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में माईक्रो ऑब्ज़र्वर का अंतिम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह भी शामिल हुए और प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग सहित हम सभी का यह उद्देश्य है कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण, पारदर्शिता एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। निर्वाचन कार्य के दौरान न घबराएं। सभी कर्मचारी यह ध्यान रखें कि मतदान केन्द्रों में किसी भी प्रकार की कमी या असुविधा का सामना तो नहीं करना पड़ रहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से एक टीम वर्क के तौर पर कार्य करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और सतर्कता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद माइक्रो ऑब्जर्वर को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने कहा कि निर्वाचन एक महती जिम्मेदारी वाला लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण जवाबदेही है। आप सभी अपने विभागीय कार्य में कितने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हों, लेकिन निर्वाचन का काम कहीं अधिक सतर्कता और सावधानी के साथ करना होता है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें एक प्रतिशत गलती भी क्षम्य नहीं होगी, इसलिए आप सभी को प्रशिक्षण में जो बताया जाता है उसे पूरी तन्मयता से सुनकर, समझकर आयोग के नियमों व निर्देशों के अधीन अपना उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें एवं सूचना दें। सभी यह सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों में मत की गोपनीयता किसी भी प्रकार से भंग नहीं होनी चाहिए। मॉकपोल और मतदान के दौरान मोबाईल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को मतदान होना है, जिसका समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे निर्धारित है। इस दौरान यह सुनिश्चित करें कि 3 बजे जितने भी मतदाता कतार में हैं उनसे मतदान जरूर कराएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने कहा कि यह ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार के अनावश्यक बिन्दुओं पर रिपोर्टिंग न करें। हमेशा सही, सटीक एवं आवश्यक व वांछित जानकारियों के साथ रिपोर्टिंग करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा माइक्रो ऑब्ज़र्वर को निर्धारित बिन्दुवार रिपोर्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मॉकपोल की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पहले अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्त अभिकर्ताओं की उपस्थिति में की जाएगी। अगर समय पर एजेंट उपस्थित नहीं है तो 15 मिनट इंतजार करने के बाद मॉकपोल शुरू किया जाएगा। ईडीसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिस निर्वाचन कर्मियों को ईडीसी जारी हुआ है, वे अपने बूथ को छोड़कर अन्य मतदान केन्द्रों में मतदान कर सकते हैं। इसके बाद ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

### 10 अनुपस्थित माईक्रो ऑब्ज़र्वर को नोटिस जारी करने के निर्देश

*जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित माईक्रो ऑब्ज़र्वर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 10 अधिकारी अनुपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित माइक्रो ऑब्ज़र्वर को कारण बताओ नोटिस जारी करने और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर प्रखर चन्द्राकर, जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।*

बिलासपुर जीआरपी एंटी क्राइम टीम की कार्रवाई

## तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्कर 79 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**बिलासपुर** । रेलवे स्टेशन में बिलासपुर की जीआरपी एंटी क्राइम टीम ने ओडिशा के तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को 79 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान रायपुर जीआरपी भी थी। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों में पुख्ता जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रेल जेआर ठाकुर के निर्देश पर बिलासपुर जीआरपी एंटी क्राइम टीम भी अलग-अलग स्टेशनों पर पहुंचकर वहां निगरानी कर रही है। बुधवार को रायपुर स्टेशन में जांच चल रही थी। प्लेटफार्म दो पर ओवरब्रिज के नीचे तीन लोग नजर आए। तीनों से 12146 पुरी- एलटीटी सुपरफास्ट ट्रेन से उतरे थे। इस बीच जीआरपी की टीम उनके नजदीक पहुंची। इससे तीनों हड़बड़ा गए। इस दौरान पहले सामान्य पूछताछ की गई। इस पर उन्होंने अपना नाम प्रशांत कुमारी लीमा, निवासी मानिकपुर मोहना जिला गजपति ओडिशा, चितरंजन पाइक निवासी चंद्रगिरी ओडिशा बताया। इस बीच जब उनके पास रखे तीन एयर बैग और तीन पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। जिनके अंदर से 58 किलो गांजा बरामद हुआ। वहीं तीसरे आरोपित तरंग राणा निवासी नुवापाड़ा ओडिशा की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 21 किलो गांजा बरामद हुआ।



## जेसीबी लेकर कांट्रेक्टर के घर पहुंच गया दीवार ढहाने पार्षद, एसपी और आईजी के पास पहुंचा पीड़ित



**बिलासपुर** । सकरी क्षेत्र में रहने वाले कांट्रेक्टर के बाउंड्रीवाल को ढहाने के लिए पार्षद जेसीबी लेकर पहुंच गया। इसका विरोध करने पर पार्षद ने कांट्रेक्टर को जान से मारने की भी धमकी दी। कांट्रेक्टर ने इसकी शिकायत सकरी थाने में की है। इसके साथ ही उन्होंने एसपी और आईजी कार्यालय में भी आवेदन दिया है।

सकरी क्षेत्र के दलदलिहापार में रहने वाले लक्ष्मी नारायण गुप्ता कांट्रेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर की बाउंड्रीवाल टूट गई है। इसका वे निर्माण करा रहे हैं। बुधवार को पार्षद अमित भारते अपने साथियों देवेंद्र यादव और अन्य दो-तीन लोगों को लेकर कांट्रेक्टर के घर पहुंचा। पार्षद ने आवाज देकर कांट्रेक्टर को बाहर बुलाया। पार्षद के बुलाने पर जब वे बाहर आए तो बाउंड्रीवाल को बनवाने से मना किया गया। कांट्रेक्टर ने अपनी जमीन पर बाउंड्रीवाल बनाने की बात कही तो उन्हें धमकियां दी गई। उसी दिन शाम पांच बजे के करीब पार्षद और उसके साथी जेसीबी लेकर बाउंड्रीवाल को तोड़ने के लिए पहुंच गए। इसका विरोध करने पर पार्षद और उसके साथियों ने कांट्रेक्टर और उनके बेटे अंबरिश गुप्ता से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कांट्रेक्टर ने इसकी जानकारी डायल 112 को देकर पुलिस को बुलाया। शिकायत पर पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के जवान पार्षद को छोड़कर उसके साथियों को थाने ले गए। पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में भी की। इधर शुक्रवार की सुबह एक बार फिर पार्षद अपने साथियों को लेकर कांट्रेक्टर के घर पहुंच गया। उसने कांट्रेक्टर को धमकियां दी। इससे डरे कांट्रेक्टर ने पूरे मामले की शिकायत आईजी और एसपी कार्यालय में की है।

पीड़ित कांट्रेक्टर ने बताया कि जिस दिन पार्षद और उसके साथी जेसीबी लेकर बाउंड्रीवाल तोड़ने पहुंचे थे, उसी दिन उन्होंने घटना की लिखित शिकायत थाने में की है। इसके बाद भी पुलिस ने पार्षद और उसके साथियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पार्षद और उसके साथियों के हौसले बुलंद है। इसी कारण वे दो दिन बाद फिर से कांट्रेक्टर को धमकाने के लिए पहुंच गए।


## छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच का महत्वपूर्ण फैसला : प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में अब आनलाइन आवेदन ही होंगे स्वीकार

**बिलासपुर** । छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने राजस्व मामलों के निराकरण को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। कोर्ट ने अब प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में आनलाइन आवेदन लेने का निर्देश दिया है। बीते सुनवाई के दौरान बिलासपुर तहसील में डायवर्सन सहित अन्य कार्यों में भ्रष्टाचार और पैसे दिए बिना काम नहीं करने पर हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अख्तियार किया था। डिवीजन बेंच ने बिलासपुर कलेक्टर को उपस्थित होकर शपथपत्र के साथ जवाब देने के लिए कहा था। यह भी जानकारी मांगी थी कि जमीन और डायवर्सन के कितने केस दर्ज हैं और कितने लंबित हैं। बिलासपुर निवासी रोहणी दुबे ने स्थानीय तहसील कार्यालय में जमीन के डायवर्सन प्रकरण के लिए आवेदन किया था। काफी समय बाद भी तहसील में इस मामले की न तो सुनवाई हुई, न ही इसका निराकरण किया गया। इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि सिर्फ कुछ पैसों को लेकर यह प्रकरण रोका गया है। इसका विरोध करते हुए उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की और प्रकरण रोकने की वजह जाननी चाही। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की।



### एक नजर

## भीम आर्मी मनाएगी आज दो महापुरुषों की जयंती



जोहार छत्तीसगढ़ –कसडोल ।

आज दोपहर 2 बजे, बस स्टैंड बिलाईगढ़ में महामानव ज्योतिबा राव फूले एवं बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर के जन्म जयंती कार्यक्रम के अवसर पर संयुक्त रूप से डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर बड़े ही उल्लास के साथ समारोह आयोजित करने का भीम आर्मी ने आह्वान किया है। भीम आर्मी के आपुर बंजारे ने कहा की भारत देश के दो महापुरुष की जयंती के अवसर पर पूरे उल्लास के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया है इसकी तैयारी पूरे ज़ोर शोर से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के बहुजन समाज के बुद्धिजीवियों को विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया है। आपूर बंजारे ने पूरे जिले वासियों को इस समारोह में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है।

लोकसभा निर्वाचन 2024

## नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 11 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया क्रय

गोगपा अभ्यर्थी श्री श्याम सिंह ने नामांकन पत्र किया जमा

**कोरबा** । लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन कुल 11 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। जिसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी से सुश्री सरोज पाण्डेय, इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती %योत्सना महंत, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी से श्री श्याम सिंह मरकाम, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्री कमलदेव, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी से श्रीमती रेखा तिवारी, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से श्री दिलीप कुमार मिरी, बहुजन समाज पार्टी से दुजराम बौद्ध, रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया अम्बेडकर से प्रियंका पटेल, कमाल खान निर्दलीय, रमेश दास महंत निर्दलीय व राजेश पाण्डेय निर्दलीय ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया। साथ ही गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी श्री श्याम सिंह मरकाम ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

## दीवारों पर नारा लेखन कर ग्रामीण मतदाताओं को किया जागरूक

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दीवारों पर नारा लेखन के माध्यम से मतदान के महत्ता की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत चैनपुर, माखनपुर व सिरकीखुर्द में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा गांव के पारा-मोहल्ला, बसाहटों में जाकर दीवारों पर मतदाता जागरूकता के नारों का लेखन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाते हुए 07 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की जा रही है।इसी तरह कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर दीवारों पर नारा लेखन कर ग्रामीणों को मतदान तिथि की जानकारी प्रदान की। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेवकों ने जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में ग्राम भादा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता गीत मैं भारत हूं भारत है मुझमें का गान करते हुए गांव में रैली निकालकर ग्रामवासियों से संपर्क किया तथा दीवारों पर मतदाता जागरूकता के नारों का लेखन किया। स्वयंसेवकों ने घरों में जाकर मतदाताओं को एक-एक वोट का महत्व समझाते हुए मतदान तिथि 7 मई 2024 की जानकारी देकर मतदान केदो में जाकर वोट डालने की अपील की।

## रेडक्रॉस, स्काउट, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों ने मतदान हेतु किया जागरूक




जोहार छत्तीसगढ़ – कांकेर।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संस्था के स्टाफ एवं रेडक्रॉस, स्काउट्स गाइड्स, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के स्वयंसेवकों द्वारा प्राकृतिक वस्तुओं के उपयोग से रंगोली का निर्माण करते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और लोकतंत्र के इस महापर्व में लोगों में मतदान के प्रति उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बाल विवाह रोकने टीमें अलर्ट, कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी

**112 व 1098 पर कॉल कर दी जा सकती सूचना**

जोहार छत्तीसगढ़– रायगढ़।

आगामी रामनवमी और अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बाल विवाह के रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। इसकी रोकथाम के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा, तभी समाज इस बीमारी से मुक्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि समाज में व्याप्त इस बुराई को पूर्णतः रोकथाम हेतु जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त करते हुए इस प्रथा के उन्मूलन हेतु कारगर कार्यवाही करें।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात विवाह को स्वीकार नहीं करते है तो बालिग होने के पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्य दर एवं मातृ मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है एवं बाल विवाह बालको के सर्वोत्तम हित में नहीं है अतएव जिले में इसकी रोकथाम किया जाना आवश्यक है।

जारी एडवाइजरी में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यतः रामनवमी एवं अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह होते है। इन अवसरों पर बाल विवाह भी हो सकते है। अतएव पूर्व से ही ग्राम पंचायतवार होने वाले विवाहों की समीक्षा ग्राम स्तरीय/खण्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के माध्यम से की जाए एवं बाल विवाह होने के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर विवाह रोकने हेतु समझाईश देते हुए नहीं मानने पर कानूनी कार्यवाही करें। आगामी 17 अप्रैल 2024 रामनवमी एवं 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन सजग रहते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के आचार संहिता का पालन करते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता के साथ पुरोहित पर भी हो सकती कानूनी कार्यवाही**


बाल विवाह रोकने को लेकर प्रशासन अलर्ट, निगरानी के लिए बनाई गई टीमें

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए विकासखण्ड/ परियोजना स्तरीय समिति का गठन किया है। गठित समिति में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार/परियोजना क्षेत्र, पुलिस थाना के प्रभारी, परियोजना अधिकारी, (आईसीडीएस)/बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के पर्यवेक्षक (आईसीडीएस), मिशन वात्सल्य के अधिकारी/कर्मचारी, संबंधित क्षेत्र के सरपंच, पार्षद, पंच, वार्ड स्तरीय समिति के अध्यक्ष/सदस्य, संबंधित क्षेत्र के प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य को शामिल किया गया है। उक्त समिति बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर तत्काल पहुंचकर समझाईश देकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु कार्यवाही करेंगे। अगर समझाईश के बाद भी बाल विवाह नहीं रोकने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

### 112 व 1098 पर काल कर दी जा सकती है सूचना

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बाल विवाह कराये जाने की सूचना प्राप्त हो तो उसकी सूचना अविलंब पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी को डायल 112 आपातकालीन नंबर अथवा चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर सूचना दी जा सकती है।

## रिलीज हुआ हीरामंडी का दूसरा गाना तिलस्मी बाहें



संजय लीला भंसाली की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार का प्रीमियर 1 मई 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज के लिए तैयार है. सीरीज के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने इसका दूसरा गाना तिलस्मी बाहें रिलीज कर दिया है. तिलस्मी बाहें को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है. इससे पहले हीरामंडी: द डायमंड बाजार का गाना सकल बन सामने आया था. तिलस्मी बाहें गाने में सोनाक्षी सिन्हा अपने सबसे हसीन लुक में दिखाई दे रही हैं. उनकी केयरफ्री स्पिरिट और अट्रैक्ट करने वाला चार्म दर्शकों को अपनी तरफ खींचता है. सोनाक्षी सिन्हा के लिए यह अब तक का उनका बेहद अहम सिंगल सॉन्ग माना जा रहा है।



## नेपोटिज्म की वजह से राशा थडानी को मिली पहली फिल्म!

90 के दशक की टॉप एक्ट्रेस रहीं रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी भी अब खूब चर्चा में रहती हैं. खूबसूरती के मामले में भी राशा बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को मात देती हैं. वहीं अब राशा भी बॉलीवुड की हीरोइन बनने जा रही हैं. राशा पिछले कुछ समय अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर खबरों में बनी हुई हैं. वो जल्द ही अजय देवगन और उनके भांजे अमन देवगन संग एक एडवेंचर मूवी में नजर आने वाली हैं।

इस बीच राशा ने अपने ऑडिशन को लेकर बात की है. राशा थडानी बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी हैं. वो खुद अपनी मां की तरह एक अदाकार बनना चाहती हैं. ऐसे में अब वो जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाली है. हर किसी की तरह राशा को भी पहली फिल्म के लिए ऑडिशन देना पड़ा था. लेकिन उनका ऑडिशन अच्छा नहीं गया था, लेकिन इसके बावजूद राशा को फिल्म में कास्ट किया गया. राशा ने खराब ऑडिशन होने के बाद भी फिल्म मिलने की वजह भी बताई है.

राशा थडानी ने कहा कि अभिषेक कपूर एक ऐसे डायरेक्टर हैं जो ऐसे ही किसी को भी कास्ट नहीं करते हैं. पहले उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत और सारा अली खान का डेब्यू कराया था. राशा ने खुलासा किया था अभिषेक कपूर के लिए वो काफी खराब थीं. लेकिन इसके बावजूद अभिषेक ने उन्हें कास्ट किया जिसके लिए वो उनकी बहुत शुक्रगुजार हैं. राशा ने कहा कि –शायद अभिषेक कपूर ने उनमें कुछ ऐसा जरूर देखा होगा इसलिए ही उन्हें एक मौका दिया. अभी तक राशा थडानी और अमन देवगन की फिल्म का टाइटल अनाउंस नहीं हुआ है. लेकिन ये पक्का है कि इस फिल्म में उनकी जोड़ी अमन देवगन संग बनेगी. वहीं फिल्म में अजय देवगन भी मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे।

## अलाया एफ ने सेक्सी आउटफिट में दरिया किनारे लगाई आग

### एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

अपने समय की ख्यातनाम हॉट अभिनेत्री रही पूजा बेदी की बेटी अलाया एफ इन दिनों सोशल मीडिया की सनसनी बनी हुई है। बॉलीवुड एक्ट्रेस अलाया एफ अपनी खूबसूरती और हॉटनेस के लिए सोशल मीडिया पर काफी मशहूर हैं.

आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस का दिल धड़काती रहती हैं. हाल ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं. अलाया ने ब्लैक एंड व्हाइट क्रॉप टप और डेनिम शॉर्ट पहना हुआ है, लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और दरिया किनारे सेक्सी पोज देते दिखााई दे रही हैं. वैसे भी आलया एफ अपनी खूबसूरती और हॉटनेस के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री अपने हॉट और सेक्सी लुक्स की वजह से अक्सर सुर्खियां बटोरती रहती हैं।

अलाया एफ आज रिलीज हुई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में काफी अहम रोल में नजर आई हैं. क्रिटिक्स को दर्शकों को उनकी एक्टिंग भी काफी पसंद आ रही है.

बात अगर अलाया इब्राहिम फर्नीचरवाला, जो अलाया एफ के नाम से मशहूर है के काम की जाए तो अलाया ने वर्ष 2020 में अपनी शुरूआत सैफ अली खान के साथ फिल्म जवानी जानेमन से की थी। इस फिल्म में उन्होंने सैफ की बेटी का किरदार निभाया था। तब्बू ने उनकी माँ की भूमिका को अभिनीत किया था। अलाया ने फिल्म में दमदार अभिनय किया था जिसके लिए उन्होंने बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था।



## श्रेयस तलपड़े की लव यू शंकर का ट्रेलर जारी, चार भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म




श्रेयस तलपड़े-तनीषा मुखर्जी की फिल्म 'लव यू शंकर' 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होने के लिए तैयार है. इस फिल्म को राजीव एस. रुइया ने निर्देशित है जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूसर किया है. यह फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिकाफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले रिलीज हो. फिल्म रिलीज से पहले आज मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दर्शकों को एक्साइटेड कर दिया है. पवित्र शहर बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक आठ वर्षीय लड़के और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है. ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लड़के के परिचय से होती है. जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है,तो आप देख सकते हैं कि उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती कैसे बढ़ती गई. फिल्म का ट्रेलर काफी प्यारा लग रहा है.

आने वाली फिल्म के लिए एक्टर श्रेयस तलपड़े काफी एक्साइटेड हैं. उन्होंने फिल्म को लेकर कहा, 'लव यू शंकर' का हिस्सा बनना अद्भुत था. यह एक ऐसी कहानी है जो आपको मुस्कुराएगी और जीवन के आश्चर्यों के बारे में सोचने पर मजबूर कर देगी. इस तरह की फिल्म वास्तव में दिलों को छू सकती है. फिल्म देखने वालों की संख्या इसे और भी खास बनाती है और मैं इस खूबसूरत फिल्म के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं.

## सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म सिकंदर का किया ऐलान

### अगले साल की ईद पर होगी रिलीज!




ईद के मौके पर बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने ए.आर. मुरुगादोस द्वारा निर्देशित अपनी अगली फिल्म सिकंदर की घोषणा कर दी. फिल्म की घोषणा के साथ-साथ एक्टर ने रिलीज डेट की घोषणा भी कर दी है. यह फिल्म ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

सलमान ने ट्विटर पर एक झलक शेयर की है, जिसमें सिकंदर के रूप में सलमान खान को देखा जा सकता है. फिल्म साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रस्तुत की गई है. सलमान ने कैप्शन दिया: इस ईद बड़े मियां छोटे मियां और मैदान को देखो और अगली ईद सिकंदर से आकर मिलो... आप सभी को ईद मुबारक. यह पहली बार नहीं है जब सलमान ए.आर. मुरुगादोस के साथ काम कर रहे हैं. दोनों ने पहले जय हो में साथ काम किया था.

## मधुबाला की बायोपिक फिल्म का ऐलान , जसमीत के रीन करेंगी निर्देशन



पिछले काफी समय में कई महान हस्तियों की जिंदगी को पर्दे पर उतारा जा चुका है. अब इस लिस्ट में हिन्दी की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला का नाम भी शुमार हो गया है. लंबे समय से इस मधुबाला की बायोपिक को लेकर चर्चा बनी हुई है. अब आखिरकार मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर इस फिल्म का ऐलान कर दिया है. इसी के साथ अब फिल्म के लिए काफी उत्सुकता बढ़ गई हैं.

मधुबाला की फिल्म के निर्देशन की कमान जसमीत के.रीन संभालने वाली हैं, जो इससे पहले आलिया भट्ट और विजय वर्मा की फिल्म डार्लिंग्स को भी डायरेक्ट कर चुकी है. इस बायोपिक का ऐलान सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शंस और ब्रूइंग थॉट्स प्राइवेट लिमिटेड ने किया है. उन्होंने इस फिल्म के लिए ब्रीइंग थॉट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मधुबाला वेंचर्स से हाथ मिलाया है. मधुबाला की बायोपिक का ऐलान करते हुए सोनी पिक्चर्स ने लिखा, रोमांचक समाचार! हम शालीनता और प्रतिभा की प्रतीक महान मधुबाला के सम्मान में अपनी आगामी फिल्म की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं. बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक के महान आकर्षण और मनोरम कहानी को जानने के लिए तैयार हो जाइए. अपडेट के लिए जुड़े रहें. फिलहाल इस बात का ऐलान नहीं किया गया है कि फिल्म में मधुबाला का किरदार कौन सी एक्ट्रेस पर्दे पर उतारने वाली है. वहीं, अब फिल्म के ऐलान के साथ इसके लिए उत्सुकता भी काफी बढ़ गई हैं।






## दिल्ली ने लखनऊ को IPL में पहली बार हराया: डेब्यू मैच में फ्रेजर-मैगर्क ने फिफ्टी जमाई

### *पंत ने 41 रन की पारी खेली; कुलदीप को 3 विकेट*

लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) को पहली बार हराया है। टीम ने मौजूदा सीजन के 26वें मुकाबले में सुपरजायंट्स को 6 विकेट से मात दी। यह इस सीजन में दिल्ली की लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि लखनऊ लगातार तीन जीत के बाद हारी है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन बनाए।

दिल्ली ने 168 रन का टारगेट 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कुलदीप यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट झटके।

लखनऊ की टीम इस लीग में 160 या इससे ज्यादा का स्कोर बनाकर पहली बार हारी है।

DC से डेब्यू कर रहे जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 35 बॉल पर 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों का योगदान दिया। रवि बिश्नोई को दो विकेट मिले। LSG से आयुष बडोनी ने 31 बॉल पर नाबाद 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 8वें विकेट के लिए अरशद खान के साथ 73 रन भी जोड़े। कप्तान केएल राहुल ने 39 रन बनाए। कुलदीप यादव ने 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। खलील अहमद को 2 विकेट मिले। एक-एक विकेट ईशांत शर्मा और मुकेश कुमार को मिला। पावरप्ले में दो विकेट गंवाए टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 41 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। ओपनर क्विंटन डी कॉक 19 और देवदत्त पडिक्कल 3 रन बनाकर आउट हुए। टीम को दोनों झटके खलील अहमद ने दिए। पावरप्ले में लखनऊ का स्कोर 57/2 रहा।




कुलदीप ने बैकफुट पर धकेला

8वां ओवर लेकर आए कुलदीप यादव ने लगातार दो विकेट लेकर लखनऊ को बैकफुट में धकेल दिया। उन्होंने मार्कस स्टोयनिस (8 रन) को आउट करके राहुल और स्टोयनिस की पार्टनरशिप तोड़ी। फिर निकोलस पूरन (0 रन) को बोल्ड करके मेजबानों को दबाव में डाल दिया। लगातार विकेट गंवाए, मिडिल ओवर्स में स्लो-बैटिंग 66 रन के स्कोर पर पूरन के आउट होने के बाद लखनऊ ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। 13वें ओवर में टीम का स्कोर 94/7 रहा। ऐसे में बीच के ओवर्स में टीम ने स्लो-बैटिंग की। आखिरी ओवर्स में आयुष बडोनी और अरशद खान की जोड़ी ने 8वें विकेट के लिए रिकॉर्ड पार्टनरशिप करके 167 के स्कोर तक पहुंचाया।

एक नजर

## यह ऐसा दिन था जब सभी चीजें मेरे पक्ष में रहीं : बुमराह

**मुंबई** । एक ऐसे मैच में, जिसमें सभी 12 गेंदबाजों का इकॉनमी रेट 7.00 से अधिक था और उनमें से 10 का इकॉनोमी रेट 10 से भी अधिक था, वहीं मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मात्र 5.25 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। गुरुवार रात को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 25वें मैच में बुमराह के 5-21 के शानदार आंकड़े के साथ, मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 27 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में बुमराह की सफलता अधिक प्रशंसनीय थी। आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ (5-10 ) के बाद गुरुवार का (5-21) बुमराह का टूर्नामेंट में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रयास था, जिसने इस सीज़न उनके नाम पांच मैचों में कुल 10 विकेट हो चुके हैं, जिससे 30 वर्षीय को पर्पल कैप मिली। अपनी दमदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए बुमराह ने कहा कि उनकी सफलता का कारण यह है कि वह गेंदबाजी करते समय सिर्फ एक ट्रिक या किसी एक चीज पर फोकस नहीं करते हैं। यह दावा करते हुए कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में गेंदबाजी करना बहुत कठिन है, तेज गेंदबाज ने कहा कि वह पिछले मैच में अपने प्रदर्शन को देखने के बाद नियमित रूप से अपनी विविधताओं की योजना बनाते हैं, अपनी गेंदों को बेहतर बनाने पर काम करते हैं।



## पंत ने अंपायर से बहस की:राहुल को लगा ऋषभ का बैट, कुलदीप ने पूरन को बोल्ड किया



इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में शुक्रवार रात दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) को 6 विकेट से हराया। लखनऊ में दिल्ली ने 168 रन का टारगेट 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले, लखनऊ ने अपने होमग्राउंड इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन बनाए।

DC की ओर से डेब्यू कर रहे जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 35 बॉल पर 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें रवि बिश्नोई ने जीवनदान दिया। ऋषभ पंत ने 41 रन की पारी खेली। बैटिंग के दौरान उनके हाथ से बल्ला छूट गया और राहुल के हाथों में जा लगा।

ऋषभ पंत DRS कॉल को लेकर ऑन-फील्ड अंपायर रोहन पंडित के साथ बहस की। रस्न की इनिंग्स के चौथे ओवर में अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने स्टंप से दूर गेंद फेंकी।

LSG के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने इसे स्क्वायर लेग की ओर क्लिप करना चाहा लेकिन शॉट कनेक्ट नहीं हुआ। अंपायर पंडित ने इसे वाइड डिलीवरी करार दिया, फिर ऐसा लगा कि पंत स्टंप के पीछे से DRS मांग रहे हैं। जैसे ही DC कप्तान का इशारा कैमरे में कैद हो गया, मैच ऑफिशियल ने रेफरल ले लिया। निर्णय ऑन फील्ड अंपायर के हित में आया और DC को रिव्यू गंवाना पड़ा।

इसके बाद अगली गेंद से पहले ही ड्रामा शुरू हो गया क्योंकि पंत और अंपायर के बीच लंबी बातचीत हुई, जिससे पता चला कि पंत ने रिव्यू नहीं मांगा। हालांकि, टीवी रीप्ले से पता चला कि पंत ने रिव्यू के लिए 'T' साइन बनाया था, इस समय वे अंपायर की ओर नहीं देख रहे थे।

## मैरी कॉम ने शेफ-डी-मिशन पद से इस्तीफा दिया

### व्यक्तिगत कारणों के चलते लिया फैसला, IOA अध्यक्ष ने कहा- रिप्लेसमेंट की घोषणा जल्द होगी



बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए आगामी पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारत के शेफ-डी-मिशन के पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (IOA) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। पीटी उषा को लिखे लैटर में कॉम ने कहा कि, मैं हर संभव तरीके से अपने देश की सेवा करना सम्मान की बात मानती हूं और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी। हालांकि, मुझे अफसोस है कि मैं जिम्मेदारी को निभाने में सक्षम नहीं हो पाऊंगी और व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा देना चाहूंगी।

पीटी उषा ने कहा, हमें दुख है कि ओलिंपिक मेडल विनर बॉक्सर और द्धह एथलीट कमिशन की प्रेसिडेंट मैरी कॉम ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया है। हम उनके फैसले और उनकी गोपनीयता का सम्मान करते हैं। मैं बोर्ड में चर्चा करने के बाद जल्द ही मैरी कॉम के रिप्लेसमेंट की घोषणा करूंगी।

शेफ-डी-मिशन के रूप में मैरी कॉम की जिम्मेदारी ओलिंपिक गेम्स में नेशनल टीम का लीडर बनना था। कॉम को टीम लीडर और प्रतिनिधि के रूप में काम करना था, जो गेम्स में देश के सभी एथलीट की भागीदारी के साथ ही कॉर्डिनेशन और मैनेजमेंट के लिए जिम्मेदार होता। कॉम को इस साल 21 मार्च में भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन (IOA) ने शेफ-डी-मिशन के रूप में नियुक्त किया गया था। IOA का मानना था कि कॉम पेरिस में होने वाले इवेंट में एथलीटों का मार्गदर्शन करने के लिए एक स्वाभाविक पसंद थीं।

## हमारी गेंदबाजी में उतने हथियार नहीं हैं : डु प्लेसिस

**मुंबई** । आईपीएल 2024 मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) द्वारा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को सात विकेट से हराने के बाद, मेहमान कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को संघर्ष करना पड़ा क्योंकि उनके गेंदबाजी विभाग के पास विपक्षी बल्लेबाजों के रन-फ्लो को रोकने के लिए उतने हथियार नहीं थे।



गुरुवार रात वानखेड़े स्टेडियम में, बल्ले से 196/8 रन बनाने के बाद, आरसीबी ने पावरप्ले में बिना किसी विकेट के 72 रन दिए, क्योंकि एमआई ने 15.3 ओवर में कुल लक्ष्य का पीछा किया। फिलहाल, ऐसा लगता है कि, बल्लेबाजी के नजरिए से हमें 220 रन का मौका पाने के लिए कोशिश करनी होगी और जोर लगाना होगा। गेंदबाजी के नजरिए से, हमारे पास उतने हथियार नहीं हैं।

मैच ख़त्म होने के बाद डु प्लेसिस ने कहा तो, दुर्भाग्य से, यह बल्लेबाजों पर निर्भर करता है कि वे सुनिश्चित करें कि हम अपने फॉर्म और अपने आत्मविश्वास का उपयोग करें। हम जो स्कोर बोर्ड पर डालते हैं, शायद वही हमारे लिए प्रतियोगिता में शामिल होने का एकमात्र तरीका होगा।

# स्वीप सद्भावना क्रिकेट मैच में पंचायत 11 विजयी, पुलिस 11 की टीम रही उप विजेता

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को रायगढ़ स्टेडियम में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। नगर निगम 11, पंचायत 11 एवं पुलिस 11 के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में पंचायत 11 की टीम विजयी रही।

सबसे पहले नगर निगम इलेवन और पंचायत इलेवन के बीच मैच खेला गया। मैच के पूर्व टॉस जीतकर नगर निगम इलेवन की टीम ने पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लिया। बैटिंग करने उतरी नगर निगम की टीम ने 8 ओवर की मैच में सात विकेट खोकर 38 रन बना पाए इसमें निगम की ओर से तहसीलदार श्री लोमस मिरी ने 8 बॉल खेलकर छह रन जोड़े। जवाबी कार्रवाई के लिए उतरे पंचायत 11 की टीम ने 6 विकेट गंवाकर 7 ओवर में ही 38 रन बना लिया और अपनी टीम को जीत दिलाई। निगम कमिश्नर श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बॉलिंग करते हुए 1 विकेट लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच पंचायत इलेवन के रवि बघेल रहे। रवि ने बैटिंग करते हुए अपनी टीम के लिए 6 रन जोड़े और बॉलिंग कर निगम इलेवन 3 बैट्समैन को वापस पवेलियन भेजा। दूसरा मैच पंचायत इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच खेला गया। पंचायत 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। रनों का पीछा करने उतरी पुलिस इलेवन की टीम 3 विकेट गंवाकर 8 ओवर में सिर्फ 30 रन ही बना पाई। दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच पंचायत 11 टीम के बैट्समैन दिनेश सिदार रहे। दिनेश ने



बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए 32 रन जोड़े। जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव 1 रन बनाकर नॉट आउट रहे। इस तरह 2 मैच जीत कर पंचायत 11 की टीम सद्भावना क्रिकेट मैच कप फाइनल में पहुँच गई है, जिसका मुकाबला कलेक्टर 11 की टीम से होगा, इसकी तिथि सभी प्रेक्षकगण के आगमन पश्चात निर्धारित की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा मैच के विजेता, उप विजेता और सांत्वना पुरस्कार देकर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मैच में दर्शकदीर्घा के रूप में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, निगम डिप्टी कमिश्नर सुतीक्षण यादव सहित निगम, जिला पंचायत और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान हमारा लक्ष्य

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सद्भावना क्रिकेट मैच के आयोजन की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अपने कार्यों को और अधिक प्रभावशाली रूप से करने के लिए बल मिलता है। उन्होंने कहा कि सद्भावना मैच में नगर निगम, जिला पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम और जिले के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत एवं पूरे जिले के शहर एवं ग्रामीण तक पुलिस विभाग की पहुंच होती है। सभी विभागों के कार्यों से ही मतदाताओं को जागरूक करने और आगामी 7 मई 2024 को अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान करने की अपील की जा रही है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा कि निश्चित तौर पर ऐसे आयोजनों से अधिकारियों और कर्मचारियों को तनाव से मुक्ति मिलती है और वे अपने कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी पूर्वक बेहतर कार्य करने सजग रहते हैं। इस दौरान एसपी पटेल ने क्रिकेट मैच आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक नजर

### मेडिकल कैंप 210 दिव्यांगों का बनेगा दिव्यांग प्रमाण पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में समाज कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी के नेतृत्व में सारंगढ़ के सामुदायिक अस्पताल में द्वितीय शनिवार को मेडिकल कैंप आयोजित हुआ। इस कैंप में 271 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ, जिसमें 210 दिव्यांगों का यूडीआईडी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनेगा। इस जांच टीम में जिला मेडिकल बोर्ड रायगढ़ के डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ मीना पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ दिनेश पटेल, अस्थि रोग विशेषज्ञ, चक्रधर पटेल, ऑडियो मेट्री टेक्नीशियन, नेल्सन गुप्ता, श्रवण बाधित, तकनीकी सहायक, शिवा बरेठ, कार्यालय सहायक,वेद प्रकाश साव, यूडीआईडी तकनीकी ऑपरेटर का विशेष योगदान रहा।

### सी-विजिल एप्प के संबंध में प्रोग्रामर्स एवं आपरेटर्स को दिया गया प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिले में तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए एक ओर जहां टीमों का गठन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों के संपादन के लिए उन टीमों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी लोकसभा 2024 के लिए सी-विजिल, इनकोर के संबंध में प्रोग्रामर्स को एनआईसी के अधिकारी आशीष वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में तकनीकी प्रोग्रामर्स एवं आपरेटर्स को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दौरान एप्प से संबंधित तकनीकी पहलुओं एवं सभी प्रकार के डाटा एण्ट्री से संबंधित कार्यों के निष्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। गौरतलब है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में नागरिकों की भागीदारी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन आयोग की ओर से सी.विजिल मोबाइल एप की सुविधा की गई है। इस एप के जरिए कोई भी व्यक्ति आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की गतिविधियों या घटनाओं की शिकायत चंद मिनटों में दर्ज करा सकता है। इसके लिए अब उसे निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर में आने की जरूरत नहीं होगी। जिले में अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायते होने पर समय रहते कार्रवाई की जा रही है। सी.विजिल मोबाइल एप पर शिकायत प्राप्त होते हुए उड़नदस्ता एफएसटी तुरंत मौके पर पहुंच कर जरूरी कार्रवाई करेगा।

### व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी ने सारंगढ़ में की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी सारंगढ़ के दौरे में रहे। रायगढ़ से आते वक्त वे टिमरलगा स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी, का निरीक्षण किए। इसके बाद व्यय प्रेक्षक ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू से मुलाकात किया। इस दौरान वे सभाकक्ष में जिले के व्यय अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने कार्य के संबंध में व्यय प्रेक्षक को जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि कोई भी समस्या हो तो अवगत कराएं। आप सभी ने विधानसभा चुनाव के दौरान कार्य किया है तो कोई परेशानी नहीं आएगा। एसएसटी, एफएसटी और वीएसटी टीम के जांच कार्य ऐसा होना चाहिए जिससे आम जनता भयभीत नहीं हो। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, जिला कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, लाइजनिंग अधिकारी शैलेन्द्र वर्मा,एचडी भारद्वाज, नोडल अधिकारी एमसीएमसी देवराम यादव, सहायक कोषालय अधिकारी हरि पटेल, प्राचार्य, सेजेस सारंगढ़ सुदीस प्रधान आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि व्यय प्रेक्षक सेंथिल कुमार बी आईडीएएस सर्विस के 2010 बैच के अधिकारी हैं।

# महिलाओं को सम्मान व बराबरी का हक दिलाने कांग्रेस तत्पर-ज्योत्सना महंत

## संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी का सघन जनसंपर्क

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा संसदीय क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क लगातार जारी है। सांसद ने प्रगतिनगर दर्री, अयोध्यापुरी, स्याहीमुड़ी, बरेडीमुड़ा, श्यामनगर आदि क्षेत्रों में व्यापक दौरा करते हुए उपस्थित जनता को संबोधित किया। सांसद ने कहा कि आप सबको अपने हक के लिए लड़ाई लड़नी है। देश का संविधान खतरे में है और लोकतंत्र को बचाने के लिए केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना है। मोदी जी अपनी गारंटी अपने 25 वर्ष 2047 तक पूरा करने की बात कह रहे हैं तो यह सब अजब और झूठ लगता है। 10 साल से मोदी की सरकार बैठी है लेकिन आज तक कोई गारंटी पूरी नहीं किए लेकिन कांग्रेस सरकार बनते ही सारे संकल्प पूरे किए जाएंगे। सांसद ने कहा कि देश में 140 करोड़ की आबादी में 70 करोड़ महिलाएं हैं जिनके सम्मान और बराबरी के लिए कांग्रेस तत्पर है। हमने 5 न्याय और 25 गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें महिलाओं को बराबरी का अधिकार देकर 50 प्रतिशत आरक्षण देंगे।



कांग्रेस की सरकार बनते ही प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के खाते में सम्माजनक राशि 8333 रुपए 5 साल में 5 लाख रुपए दिया जाएगा। युवाओं को रोजगार देने के लिए 5 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे जिसमें हर जिले के लिए राशि जारी होगी ताकि युवा अपना उद्योग भी स्थापित कर सकें। इस दौरान उपस्थित क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने भी अपनी बातें रखते हुए कांग्रेस का हाथ मजबूत करने का आह्वान किया ताकि देश में आने वाले संवैधानिक संकट को टाला जा सके। जनसंपर्क के अवसर पर स्थानीय लोगों के द्वारा सांसद का आत्मीय स्वागत पुष्पगुच्छ व पुष्पहार भेंट कर किया जाता रहा। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कमेटी कोरबा ब्लाक अध्यक्ष संतोष राठौर, भोला यादव, पूजा श्रीवास्तव, ललिता गभेल, संगीता श्रीवास, पूनम यादव,अजीत सिंह, शशि किरण, दीपाली बंजारे, हर कुंवर साहू, मीना देवी, संगीता यादव, निर्मला दुबे, कांति यादव, संतोषी धीवर, गायत्री विश्वास, पूजा श्रीवास्तव, कुंती गोप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी कर्मी पर युवती ने लगाया घर घुसकर छेड़खानी का आरोप

**गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता**




**बिलासपुर**। सीपत क्षेत्र में रहने वाली युवती के घर में घुसकर एनटीपीसी के कर्मचारी ने छेड़खानी की। इसका विरोध करने पर उसने युवती से मारपीट करते हुए मोबाइल तोड़ दिया। युवती ने घटना की जानकारी स्वजन को देकर थाने में की शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर जुर्म दर्ज कर लिया गया है। इधर पीड़ित युवती ने आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में आवेदन दिया है। सीपत क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि 29 फरवरी को वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान नवागांव में रहने वाला मनोज पटेल बगल के घर की दीवार कूदकर उनके घर पर आ गया। उसने युवती से बात करने के लिए कहा। घर में अकेली होने के कारण युवती ने उसे जाने के लिए कहा। इस पर युवक ने छेड़खानी शुरू कर दी। युवती के विरोध करने पर एनटीपीसी कर्मी मनोज ने मारपीट की।

साथ ही उसके हाथ से मोबाइल लेकर तोड़ दिया। युवती के शोर मचाने पर युवक भाग निकला। युवती ने घटना की जानकारी सहेलियों को दी। इसके बाद डायल 112 को काल किया। तब तक युवक वहां से भाग निकला था। युवती ने घटना की शिकायत सीपत थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पीड़ित युवती ने पुलिस पर मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय में आवेदन सौंपा है। युवती ने बताया कि आरोपित लगातार ड्यूटी पर जा रहा है। इसके बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर रही है। उसने एसपी कार्यालय में आवेदन सौंपकर आरोपित की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# कलेक्टोरेट से भारत माता चौक तक स्वीप कैंडल मार्च का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

*आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में योग्य उम्मीदवार को मतदान देकर लोकतंत्र मजबूत बनाने में आम नागरिकों को सहयोग देने तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में शनिवार की संध्या को सारंगढ़ कलेक्टोरेट से भारत माता चौक तक स्वीप कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।*




### कैंडल जलाकर शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

कार्यक्रम में स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, सीईओ संजू पटेल, नगरपालिका अधिकारी राजेश पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, बिहान समूह की महिलाएं स्कूली छात्र-छात्राएं, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। स्वीप कैंडल मार्च में, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर एवं परदेश नहीं जाव, वोट देबर आव जी का नारा लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं एवं महिला मतदाताओं ने निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प भी लिया।

ज्ञातव्य है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन तथा स्वीप के नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी, महिला समूह, अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि बढ़.चढ़कर शामिल हो रहे हैं।

# देवेंद्र प्रताप को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मिली स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी

## बस्तर के संवेदनशील इलाकों में प्रचार के बाद मिली अहम जिम्मेदारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय नेतृत्व ने कल स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है जो छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों पर प्रचार करेंगे। इस सूची में नरेंद्र मोदी जे पी नड्डा अमित शाह,स्मृति ईरानी,योगी आदित्यनाथ समेत कुल 40 नाम हैं जो भाजपा की बागडोर संभालेंगे तो वहीं छत्तीसगढ़ से मुखमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन के पवन साय,अजय जामवाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम,केदार कश्यप ओपी चौधरी,राजा देवेंद्र प्रताप सिंह समेत और अन्य नेता शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी इस बार अपने लक्ष्य 400 सीट को साधने कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है इस लिस्ट से एक बात



साफसमझ आ रही है की बीजेपी बहुत मजबूती से चुनाव मैदान में है और हर एक नेता और कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में है। सभी 40 नामों की अपनी लोकप्रियता

**छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीटों में करेंगे प्रचार**

एदेवेंद्र आदिवासियों को साधने में जुटे। राजनीति विशेषज्ञों की



दृष्टि से ये बहुत प्रभावशाली नामों को बीजेपी ने इस लिस्ट में जगह दिया है खुद नरेंद्र मोदी,अमितशाह, जेपी नड्डा, योगी आदित्यनाथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ छत्तीसगढ़ से जो नाम शामिल हैं सबकी अपनी लोकप्रियता है और प्रभावशाली व्यक्तित्व है रायगढ़ की बात करें तो ओपी चौधरी और राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को जिम्मेदारी मिलने से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्र की बागडोर संभल जाए और गोंड राजा आदिवासी राजपरिवार से आने वाले देवेंद्र प्रताप पूरे छत्तीसगढ़ में राजपरिवारों को साथ लाने और आदिवासियो को साधने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे वहीं जशपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव की अपनी लोकप्रियता है।

### बस्तर में सघन जनसंपर्क, मोदी से मुलाकात फिर मिली अहम जिम्मेदारी

राजा देवेंद्र प्रताप सिंह बीते दिनों बस्तर के दौरे पर थे जहां वो अंदरूनी नक्सल इलाकों के आदिवासियों को साधने में लगे थे और जगदलपुर में मोदी से मुलाकात के बाद ये अहम जिम्मेदारी संगठन ने उन्हें सौंपी है। छत्तीसगढ़ के लिए आदिवासी राजाओं में रायगढ़ राजघराना का अपना महत्व रियाशतकाल से है जिसका असर भी देखने को मिल रहा है।

# आबकारी विभाग ने चार महीने में ओडिशा के देशी पाऊच व अंग्रेजी शराब के 91 प्रकरणों दर्ज किये

## अक्टूबर से 30 मार्च तक 484 लीटर अवैध शराब जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

देवभोग इलाके का अधिकांश भू-भाग ओडिशा सीमा से लगे होने के कारण अवैध शराब के कारोबार को कारोबारी आसानी से अंजाम देते हैं मगर गरियाबंद आबकारी विभाग भी शराब कारोबारी यों के खिलाफ कारवाई करने में पिछे नहीं है। अक्टूबर से मार्च के चार महिने बीच आबकारी विभाग ने 91 आबकारी एक्ट की कार्रवाई की है। वही विभाग ने सक्रियता के चलते इन चार महिने में ओडिशा के देशी पाऊच के अलावा अंग्रेजी शराब को मिलाकर 481लीटर से अधिक शराब जप्त किये है।





### आबकारी एक्ट के विभिन्न धाराओं में 481 लीटर अवैध शराब जप्त

आबकारी विभाग समय समय पर क्षेत्र में दबीश देकर आबकारी एक्ट के धारा 34;1, क के 07 प्रकरण में साढ़े सैंतीस लीटर तो 34;1,ख के 03 प्रकरणों में 12ण्5 लीटर कच्ची शराब तो वहीं 34;1,डी मादक द्रव्य अधिनियम के तहत 6 प्रकरणों में 25.5 लीटर ताड़ी पर कारवाई की है। इतना ही नहीं आबकारी विभाग ने समय समय पर इलाकेभर में दबीश देकर 34;2, के 14 प्रकरणों में 396.75 लीटर ओडिशा के पाऊच शराब और बीयर अंग्रेजी शराब जप्त किया है वहीं 36;च,1के 30 प्रकरणों में 4.8 लीटर और 36;सी, के 31 प्रकरणों में 7.5 लीटर देशी प्लेन शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कारवाई की है।इस प्रकार बीते चार महिने में आबकारी विभाग ने 481 लीटर शराब और मादक द्रव्यों जप्त कर कारवाई की है।

### आबकारी विभाग के लिये चुनौतीयां जिसके कारण हो रही है दिक्कतें

हालांकि आबकारी विभाग को जब जब भी अवैध शराब के तस्करी की सूचना मिली है तब तब क्षेत्र में दबीश देकर कारवाई की है। आबकारी विभाग का मुख्यालय गरियाबंद होने के कारण विभाग के सामने लम्बी दूरी सबसे बड़ी चुनौती है कारवाई के लिये विभाग को 130 किमी की दूरी तय करना पड़ रहा है वही अनुभाग स्तर पर कोई दफ्तर नहीं है जिसके कारण कारवाई को लेकर कई अड़चनें आ रही है।

### शराब के अवैध परिवहन करते पांच दुपहिया वाहन को भी जप्त किया

आबकारी विभाग के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार बीते चार महिने में विभाग ने ओडिशा से शराब के अबैध परिवहन करते हुए 5 दुपहिया वाहन को जप्त किया है इन सारी कारवाई से अवैध कारोबारियों के हौंसले पस्त तो है गये पर आबकारी दफ्तर स्थानीय स्तर पर नहीं होने के कारण फिर से बुलंद हो गये है देखना होगा आबकारी विभाग आगे अपनी सक्रीयता बढ़ाकर कितनी कारवां करती है।

## एक नजर

### डाक मतपत्र में मतदान करने के लिए 16 अप्रैल तक फार्म भर सकेंगे जिले के अनिवार्य सेवा कर्मी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना 12 अप्रैल 2024 से 16 अप्रैल 2024 तक करना होगा। 17 अप्रैल को रामनवमी होने के कारण शासकीय अवकाश है। सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर.चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12घ, जमा कर सकते हैं। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बरए वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही.सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12, में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा। नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा। फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा।

### शासकीय विद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखण्ड पाली के शासकीय विद्यालय अमगांव एवं विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा के शासकीय उ%चतर माध्यमिक विद्यालय पसान व तुमान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृखंला बनाकर मतदान शत-प्रतिशत करने संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव करने हेतु सभी मतदाताओं से आग्रह किया।

# व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिये कानून बनाया जाता है-जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र साहू

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




अनुभव भवन बालको नगर कोरबा में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के प्रयोजनार्थ आज विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बालकों एवं बालिकाओं का विवाह सही उम्र में करें, नाबालिग को गाड़ी चलाने न दें, अज्ञानता वश हमारे द्वारा बच्चों को दुपहिया वाहन चलाने के लिये दे दिया जाता है, दुर्भाग्यवश दुर्घटना होने पर पीड़ित पक्षकार को घायल एवं मृत्युकारित होने पर बहुत ही अधिक मुआवजा देना पड़ जाता है। इसका हमें ध्यान रखना चाहिये। वाहन चलाते समय ड्राइविंग लायसेंस, वाहन का बीमा एवं गाड़ी का रजिस्ट्रेशन होना आवयश्यक है। विधान सभा, संसद में व्यक्ति के अधिकारों को सुरक्षित कैसा रखा जावें इस संबंध में सोच विचार कर कानून बनाया जाता है। कानून व्यवस्था को बनाये रखना बहुत ही मुश्किल का कार्य है, इसके लिये हमें कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये कानून का पालन करना आवश्यक है। कानून व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिकों के अधिकार सुरक्षित नहीं रह पायेगें।

कानून हर जगह लागू होता है, बच्चे के पैदा होने से उनके लिये जन्म प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मृत्यु होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, कानून व्यक्ति को जन्म से मृत्यु उपरांत तक लागू होता है। हम अगर अपने कर्तव्य का पालन करेंगे तो किसी के अधिकारों का हनन नहीं होगा। गरिमा शर्मा, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, सालसा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं डालसा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को कानूनी मदद दिलाने में सहयोग करता है। नालसा के द्वारा वर्ष में 04 बार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाता है, नेशनल लोक अदालत से न्यायालय के बहुत से छोटे-मोटे,राजीनामा योग्य मामले का निराकरण सुलह समझौते के माध्यम से किया जाता है। महिलाओं को उद्बोधित करते हुये कहा गया कि परिवार में छोटे-मोटे क्लेश तो होते रहते है, इन्हें अनदेखा करना चाहिये। जिससे परिवार की शांति बनी रहें। जब महिलाएं को ज्यादा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाए तभी उनको शिकायत करना चाहिये। पुलिस में एफ आईआर लिखाते समय एफ आईआर की नि:शुल्क कापी प्राप्त करना आपका अधिकार है। इस अवसर पर पैरालीगल वॉलीण्टिसर्य की पीएल सोनी, उमा नेताम,अमित स्वर्णकार, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु पाण्डेय एवं वरिष्ठ कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य एवं केएन सेठ, एसके सौंधिया, जेपी यादव, दुष्यंत शर्मा, आरती सोनी, बालको सीएसआर से संजीव शुक्ला, हर्षिता सोनी उपस्थित थे।



### लोकसभा निर्वाचन 2024 की अधिसूचना जारी

**कोरबा** । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई तथा अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 19 अप्रैल तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे तथा 20 अप्रेल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी वहीं 22 अप्रैल को अपरान्ह 03 बजे से पूर्व अभ्यर्थी नाम वापस ले पाएंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा में चुनाव संबंधी कार्यवाहियां की जा रही है। इसी कड़ी में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप आज कोरबा लोकसभा क्षेत्र हेतु निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव की अभ्यर्थिता हेतु आगामी 19 अप्रैल 2024 (सार्व. अवकाश को छोड़कर) तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे।

नाम निर्देशन पत्र लेने का समय दोपहर तीन बजे तक -

रिटर्निंग आफ़िसर कार्यालय से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक रहेगा। जबकि पूर्णत: भरे हुए नामांकन पत्र जमा करने का समय प्रात: 11 बजे से अपरांह तीन बजे तक निर्धारित है।

# हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान जागरूकता हेतु क्वीज प्रतियोगिता हुई आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा.लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत.प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत कटघोरा के शासकीय हाईस्कूल स्याहीमुड़ी में मतदान आवश्यक और लोकसभा निर्वाचन 2024 पर आधारित सामान्य ज्ञान क्वीज प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पीयूष मंझवार व गणेश रहे। द्वितीय स्थान पर गरिमा महंत व लक्ष्मी चौहान रहे और तृतीय स्थान आरती मंझवार व मंदाकिनी ने प्राप्त। प्रतियोगिता के विजेताओं को शिक्षकों के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

शासकीय हाईस्कूल लाद की छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। एनएसएस के छात्रों के द्वारा ग्राम पंचायत लाफा एवं ग्राम पंचायत नगोई में दीवारों पर नारा लेखन करके मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।



# 30 वर्षीय चंद्रीका और नवजात शिशु के मौत का जिम्मेदार अस्पताल

## परिजन का आरोप असमय और जबरदस्ती प्रसव कराने से थी हुयी मौत

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।




जिले के अंतिम छोर देवभोग में संचालित देवमाता निजी हास्पीटल लोगों के स्वास्थ्य के साथ 5.6 वर्षो से खिलवाड़ कर रहा है। इस प्राइवेट हास्पीटल में लोगों को अच्छे इलाज नहीं बल्कि मौत मिलता है हास्पीटल के संचालक ऊंची राजनितिक पहुंच रखने के कारण जिले के स्वास्थ्य अधिकारी भी इसपर कारवाई करने में डरते हैं वहीं मरीज अच्छी इलाज के आस में इस हास्पीटल में भर्ती तो हो जातें हैं पर उन पर मौत का खतरा बना रहता है।

### गलत इलाज से जच्चा बच्चा की मौत जिम्मेदार डाक्टर या प्रबंधन

10 अप्रैल बुधवार का वो दिन था जो चंद्रीका और उसके नवजात के लिये काल बनकर आया प्रत्यक्ष दर्शी पति थबीरोराम के अनुसार हास्पीटल के संचालक और तथाकथित डाक्टर डी बेनर्जी और गायनिक और सोनोग्राफी एक्सपर्ट डॉ विवेक दुर्गे रूटीन चेकअप के बाद दो स्टाप नर्स के साथ प्रसव कक्ष में ले गये जहां सामान्य प्रसव कराने के नाम पेट को दबाने से नवजात की मौत हो और ग़लती तरीके से चीरफ ाड करने से अधिक रक्तस्त्राव के कारण ओडिशा भवानीपटना ले जाते समय गर्भवती महिला की मौत हो गयी। चंद्रिका और नवजात की मौत का डाक्टर या प्रबंधन आखिर कौन जिम्मेदार है।

### मांडागांव के चंद्रीका का असमय और जबरदस्ती कराया प्रसव जच्चा बच्चा की मौत

देवभोग के मांडागांव की 30 वर्षीय चंद्रीका बिसी गर्भवती थी महिने के रूटींग चेकअप के लिये बीते बुधवार को देवभोग के एक निजी अस्पताल पति थबीरोराम के साथ पहुंची थी। प्रसव का समय भी 29 अप्रैल को था जहां डाक्टर ने मोटी रकम के लालच में प्रसव द्वार खुलने की बात कहकर नवजात शिशु और गर्भवती मां को बेमौत मार डाला।

### मौत के बाद हास्पीटल के अंदर परिजनों ने किया हंगामा

जच्चा-बच्चा के मौत का दर्द पति थबीरोराम और परिजन सह ना सके गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए हास्पीटल में जमकर हंगामा किया जच्चा-बच्चा के असमय मौत के बाद डाक्टर विवेक दुर्गे हास्पीटल से गायब हो गये। परिजन इतने आक्रोशित थे की गलत इलाज करने वाले डाक्टर को खोजते रहे।

### हास्पिटल की लापरवाही से हुयी मौत पर माली समाज में आक्रोश

देवभोग के देवमाता हास्पीटल में मांडागांव के चंद्रीका और उसके नवाजात शिशु की मौत पर जहां परिवार में मातम है वहीं पंडरा माली समाज में भारी आक्रोश है। समाज के सभापति निलकंठ किसी सहित समाज के लोगो ने हास्पीटल प्रबंधन और डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# करोड़ों का निर्माण कार्य चढ़ रहा भ्रष्टाचार की भेंट

## पखनाकोट में बन रहा हॉस्टल ठेकेदार कर रहा घटिया निर्माण, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत पखनाकोट में सरकार द्वारा करोड़ों रूपये के लागत से हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा जो कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा। हॉस्टल निर्माण में कार्य की क्वालिटी इतनी घटिया है कि इसका सबूत यहां की दीवारे चीख चीख कर दे रही है।**





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

काम करने वाले मजदूरों ने बताया की सरकार द्वारा जिसे हॉस्टल भवन निर्माण के लिए ठेका दिया गया है वह ठेकेदार रायगढ़ में रहता है, जो काम देखने महीने दो महीने में 1 बार आता है, और काम करवाने के लिए कई मुंशियों को रख है। जिनके अंदर सभी लेबर अलग-अलग काम करते हैं। और सभी काम की देखरेख मुंशियों द्वारा की जाती हैं। वही इंजीनियर आते हैं या नहीं पूछने पर बताया कि इंजीनियर भी भवन निर्माण को देखने कभी-कभी आते हैं। वही हॉस्टल निर्माण का कार्य को देखने से भारी भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है, सभी कॉलम कि क्वालिटी बहुत ही घटिया है। भवन के ढाचे को जिस कलम की सहायता से खड़ा किया गया है, और एक दूसरे कॉलम को बीम से जोड़ा गया है सभी कि क्वालिटी बहुत ही घटिया है। कॉलम और बीम कि ढलाई के बाद उसपर अलग से सीमेंट बालू से प्लास्टर किया गया हैं। वही स्थित मुंशी से इसके बारे में पूछने पर उसने बताया कि जब कलाम और बीम कि ढलाई कि गई थी तब सेटरिंग प्लेट खोलने के बाद पूरी जगहों पर छड़ नजर आ रहे थे और कई जगह सिर्फ गिट्टी ही नजर आ रहा था, जिसका मरम्मत किया गया है। उसी मरम्मत कार्य में बीमों को सीमेंट और बालू के मिश्रण से प्लास्टर किया गया है। जो आप चित्र में देख सकते हैं कि कितनी घटिया निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है।

करोड़ों रूपये से बनने वाली भवन किस विभाग द्वारा बनाया जा रहा है इसका ठेकेदार कौन है, इंजीनीयर कौन है किसी को पता नहीं है क्योंकि भवन निर्माण संबंधित किसी भी प्रकार का बोर्ड कार्य स्थल पर नहीं लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा निर्माण बहुत ही घटिया है शासन को चाहिए कि निर्माण कार्य की जांच कर नियमानुसार भवन निर्माण करवाया ताकि हमारे बच्चों को पढ़ाई के समय किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।





> " * निर्माण कार्य के संबंध में इंजीनियर से पूछने पर बताया कि मैं अभी बाहर हूं बहुत दिन हो नहीं गया हूं, मैं आता हूं फिर बात करते हैं।
>
> निशान बड़ा इंजीनियर

### इंजीनियर देंगे जानकारी-कमल अग्रवाल

निर्माण कार्य पर स्थित मुंशी से ठेकेदार कि जानकारी मांगने पर उसने बताया कि ठेकेदार रायगढ़ का है और उसका नाम कमल अग्रवाल है। जिसके बाद मुंशी द्वारा दिए मोबाइल नंबर पर हमारे द्वारा कॉल किया गया तब ठेकेदार कमल अग्रवाल ने बताया कि इस निर्माण कार्य का इंजीनियर पहले एसडीओ राठौर थे और वर्तमान में निशान बड़ा है साथ ही निर्माण से सम्बंधित सभी जानकारी इंजिनियर देंगे।

# निर्वाचन व्यय की सतत मानीटरिंग एवं रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश

## व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने ली व्यय संबंधित टीम की बैठक'

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार आईआरएस ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में व्यय संबंधी बनाये गये विभिन्न समिति के नोडल अधिकारियों एवं सहायक व्यय प्रेक्षकों आदि की बैठक लेकर निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होंने चुनाव को राष्ट्रीय पर्व बताते हुए कहा कि यह एक जिम्मेदारी से जुड़ा कार्य है। व्यय संबंधी टीम के सदस्यों को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे अपने सीनियर अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर समय सीमा के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। व्यय प्रेक्षक ने निर्देशित किया कि फ्लाईंग स्कायडए स्थैतिक निगरानी दल तथा




निर्वाचन व्यय से संबंधित टीमें विभिन्न जांच नाकों सहित अन्य स्थानों पर अलर्ट रहें। निर्वाचन व्यय का सही संधारण हेतु प्रत्याशियों के अलग-अलग फोल्डर तैयार किये जायें साथ ही सभी प्रकार की जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन प्रस्तुत करें। उन्होंने टीम के सदस्यों को किसी प्रकार की चूक या लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए। बैठक में व्यय प्रेक्षक कुमार को निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समितियों व्यय निगरानी सेल, लेखा टीम, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, व्यय लेखा, वीडियो अवलोकन दल आदि के विषय में जानकारी दी गई। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने व्यय अनुवीक्षण से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों का त्रुटि रहित संपादन करने के निर्देश दिए। सभाकक्ष में बैठक लेते हुए व्यय प्रेक्षक कुमार ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन में सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया स्वच्छ एवं पारदर्शी हो इसके लिए सभी को सजग रहने कहा। बैठक में सी.विजिल एप्प के माध्यम से व्यय संबंधी जानकारी अपलोड करने के संबंध में भी प्रशिक्षण दी गई। व्यय प्रेक्षक ने गत विधानसभा निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्याओं एवं चुनौतियों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान व्यय लेखा संबंधी कोई समस्या न रहे इस दिशा में सभी को कार्य करना है। उन्होंने वीडियो अवलोकन, फ्लाईंग स्कायड, स्थैतिक निगरानी दल के सदस्यों से उनके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग ने बताया कि सभी टीम जिले में सक्रिय है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पीआर महादेवा, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एमएम जोशी सहित निर्वाचन व्यय से जुड़े नोडल अधिकारी,लेखा अधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक उपस्थित थे।



# हनुमान जयंती को लेकर नगर के व्यसायिक नटवर मित्तल परिवार के तरफ से भंडारे का किया गया आयोजन

## महिलाओं ने लिया बढ़ चढ़ के हिस्सा

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूँगा।

हिंदू धर्म में हनुमान जयंती पर्व को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है. इस विशेष दिन को भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. आइए जानते हैं, कब है हनुमान जयंती वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रत्येक वर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जयंती या हनुमान जन्मोत्सव पर्व हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाता है. इस विशेष दिन पर बजरंगबली की विशेष आराधना की जाती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव के 11वें रूद्र अवतार हनुमान जी धरती पर अवतरित हुए थे. मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी की उपासना करने से सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है. कुछ लोगों के मन में हनुमान जयंती पर्व की तिथि को लेकर संशय बना हुआ है. ऐसे में आइए आचार्य श्याम चंद्र मिश्र जी से जानते हैं, कब मनाया जाएगा हनुमान जयंती पर्व? आचार्य मिश्र बताते हैं कि चैत्र मास के शुक्ल



**कड़ी धूप में खड़े रह कर महिलाओं ने किया भण्डारे और पानी वितरण**

पक्ष की पूर्णिमा तिथि 23 अप्रैल सुबह 3:25 पर शुरू होगी और इस तिथि का समापन 24 अप्रैल सुबह 5:18 पर हो जाएगा.

बता दें कि हिंदू धर्म में पूजा-पाठ या व्रत त्यौहार के लिए उदया तिथि को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है. ऐसे में हनुमान जयंती पर्व 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन मनाया जाएगा. इस विशेष दिन पर चित्रा नक्षत्र का निर्माण हो रहा है, जो रात्रि 10:32 तक रहेगा. वहीं पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 9:05 से सुबह 10:45 के बीच रहेगा. आज इसी कड़ी को नजर में रखते हुए लैलूँगा के ब्यापारी अग्र बंधुओं और मित्तल परिवार ने पहले से ही हनुमानजी का पूजा पाठ अचर्ना प्रार्थना प्रारंभ कर भण्डारे का आयोजन किया जिसमें ग्रामीण छेत्र से आये भक्तों ने और नगर के श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया । लोगो मे हनुमान जयंती को लेकर काफी उत्शाहीत नजर आ रहे है।जिसे आने वाले हनुमान जयंती में लैलूँगा में काफी उत्साह से मनाने की बात सामने आ रही है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# नायक नित्यानंद साय शा. महाविद्यालय आरा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**निबंध लिखकर स्टूडेंट्स ने किया मतदान के लिए अवेयर, ली शपथ**

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान हो इसे लेकर जिले भर में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। वही कॉलेज स्टूडेंट्स भी स्वीप के तहत युवाओं, लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक कर रहें है। स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नायक नित्यानंद साय शासकीय महाविद्यालय,आरा जशपुर में भारत में लोकतंत्र विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एनएनएस एवं कॉलेज स्टूडेंट्स ने निबंध के माध्यम से बताया कि हमारा वोट कैसे हमारे व देश के लिए महत्व है। हम वोट से अपने लिए सरकार चुनते है जो हमारी जरूरतों को पूरा करती है। जिसमें शिक्षा से लेकर सभी मूलभूत सुविधाएं शामिल है। हम वोट देंगे तभी हम अच्छी सरकार का चयन कर सकेंगे। निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने निबंध के माध्यम से मतदान देने के अधिकार और कर्तव्यों को अपने शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया। 7 मई को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए युवाओं को संदेश देते हुए लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। जिले भर में अभियान के तहत युवाओं द्वारा निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सभी मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

# 108 कुंडीय पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

## पत्थलगांव गायत्री मंदिर से शुभारंभ भव्य कलश यात्रा स्थल को पहुंची

जोहार छत्तीसगढ़- पत्थलगांव।

**पत्थलगांव के गायत्री मंदिर अंबिकापुर रोड से आयोजित होने वाली पांच दिवसीय 108 कुंडीय महायज्ञ के शुभारंभ पत्थलगांव अंबिकापुर रोड गयात्री मंदिर से होकर कथा स्थल ग्राम बेलडेगी के लिए महिलाएं सिर पर कलश ज्वर लिए कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से बाजे गाजे के साथ बड़ी संख्या में निकली।**




जिसमें 13 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल 2024 तक गायत्री महायज्ञ आयोजित होनी वाली है। इस कलश यात्रा में पूरे जिले से भारी संख्या में गायत्री परिवार शामिल हुए है। बताया जा रहा है गायत्री परिवार के लोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने लिए गांव-गांव भृमण कर महायज्ञ में शामिल होने के लिए न्योता दिए हैं जिसमें भारी संख्या में परिवार शामिल होगें। गायत्री परिवार में लंबे अरसे से जुड़े सदस्य भीमसेन स्वर्णकार ने बताया कि भारी संख्या में कलश यात्रा जगत कल्याण के लिए किया गया है, इससे समूचे क्षेत्र में सुख शांति और सम्रद्धि आएगी। गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा में गायत्री चेतना केंद्र शांन्ति कुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर नरेन्द्र ठाकुर पवन अग्रवाल, दौलतराम चौहान, राजकुमार पैंकरा, गणेश्वर बेहरा,दिलीप भगत, शांतेश्वर यादव, रत्नाकर खुटिया की अगुवाई में कलशयात्रा निकाली गई जिसमें शिवपुरी जिला मध्यप्रदेश सहित हजारों महिलाओं ने कलश उठाकर नगर भ्रमण कर बेलडेगी ग्राम रवाना हुए। जिसमें पत्थलगांव की ट्रैफिक पुलिस के द्वारा काफी सहयोग देखा जा रहा है ट्रैफिक पुलिस यातायात को सुचारू ढंग से चलाने लगातार कलश यात्रा के आगे पीछे पेट्रोलिंग कर रहे हैं।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in